सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹121752/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹148700/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹162320/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 26 अगस्त 2026


छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आगाज 21 अक्टूबर से, लीग में भारतीय हॉकी के नामी खिलाड़ियों और ओलंपिक पदक विजेता होंगे शामिल

हॉकी में छग रचेगा इतिहास, देश की पहली हॉकी लीग छह टीमें होंगी आमने-सामने, शुभंकर बना 'बघवा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में हॉकी को नई पहचान और खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के पहले सीजन की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने लीग के आधिकारिक लोगो, शुभंकर और छह टीमों की पहचान का अनावरण किया। लीग का पहला सीजन प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 21 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग को ▶▶शेष पेज 7 पर



छह टीमों के नाम जारी

लीग की टीमों के नाम राजधानी रॉयल्स, चित्रकूट चैलेंजर्स, संस्कारधानी स्ट्राइकर्स, चक्रधर चैंपियंस, न्यायधानी नाइट्स और मैनपाट टाइटंस हैं। इन टीमों के जरिए प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों की खेल पहचान को लीग से जोड़ा गया है। इस लीग मैच से खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। इसके साथ ही प्रदेश के हॉकी स्टेडियम का बेहतर उपयोग हो सकेगा। विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को प्रदेश में खेलने का मौका भी मिल सकेगा।

'बघवा' होगा लीग का शुभंकर

लीग के शुभंकर 'बघवा' का भी अनावरण किया गया। बाघ छत्तीसगढ़ की वन्यजीव विरासत का प्रतीक है और शुभंकर को साहस, शक्ति, दृढ़ता तथा मैदान पर मुकाबले की भावना से जोड़ा गया है। लीग की टैगलाइन चलो रे संगी, हॉकी खेलबो रखी गई है, जो प्रदेश की पहचान और हॉकी के प्रति जुनून को दर्शाती है। लीग में भारतीय हॉकी के नामी खिलाड़ियों और ओलंपिक पदक विजेताओं गुरजंत सिंह, शमशेर सिंह और सुरेंद्र कुमार के साथ जसकरण सिंह और देविंदर ▶▶शेष पेज 7 पर



सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे लीग के सभी मैच

शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध कर रहे हैं शिक्षक, मंत्री से आज चर्चा

सड़क पर शिक्षक... शाला परिसर में बच्चे मचाते रहे हुड़दंग, मध्यान्ह भोजन के बाद स्कूल खाली

- राज्य के सभी जिलों में रैली निकालकर सौंपा गया मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पदोन्नति में शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्यता का विरोध कर रहे प्रदेशभर के शिक्षक मंगलवार को हड़ताल पर उतरे। इसका सीधा असर सरकारी स्कूलों पर नजर आए। यहां विद्यार्थी स्कूल पहुंचे तो अवश्य, लेकिन उन्हें पढ़ाने वाला कोई नहीं रहा। मायूस छात्र आपस में ही चर्चा करते रहे। मध्यान्ह भोजन मिलते ही खाना खाकर वे घर चले गए। प्रदेशभर में शिक्षकों ने रैली भी निकाली। रैली निकालकर मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ▶▶शेष पेज 7 पर

खास खबर





केस 1

लालपुर स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शिक्षकों की हड़ताल का स्पष्ट असर दिखा। अधिकतर कक्षाओं में शिक्षक नहीं थे। सभी कक्षाओं में शोरगुल होता रहा। बच्चे स्कूल पहुंचे तो थे, लेकिन पढ़ने के स्थान पर पूरे समय टीचर को ढूंढते रहे।

केस 2

देवपुरी के शासकीय विद्यालय में सभी कक्षा के छात्र एक-दूसरे कक्ष में आते-जाते रहे। यहां केवल तीन शिक्षिकाएं ही पहुंची थी। अन्य कक्षाओं में अराजकता की स्थिति रही। कुछ बीएड टीचर भी यहां नजर आए, जो एक-दो कक्षाओं को संभाल रहे थे। टाटपट्टी पर बैठे छात्र पढ़ाई के लिए शिक्षकों का पूरे दिन इंतजार ही करते रहे।

केस 3

फूंडहर के शासकीय विद्यालय में बच्चे शोरगुल करते रहे। यहां एक कक्ष में शिक्षक डेस्क पर बैठे छात्रों को पढ़ाते नजर आए, अन्य कक्षाओं में छात्र खुद से पढ़ते रहे अथवा एक-दूसरे को पढ़ाते रहे।

केस 4

माठागांव सहित अन्य आउटर के स्कूलों में स्थिति अत्यंत चिंतनीय रही। यहां शिक्षकों के ना आने पर छात्र मध्यान्ह भोजन कर खुद ही घर चले गए। जिन स्कूलों में एक-दो शिक्षक ही आए थे, वहां भी कुछ घंटे बाद अवकाश घोषित कर दिया गया।

चर्चा के लिए शिक्षामंत्री का मोर्चा को बुलावा

प्रदेशभर में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, केदार जैन और वीरेंद्र दुबे के अगुवाई में हजारों शिक्षकों ने हर जिले में प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग तक भी पहुंची। इसके बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया। प्रदेश के शिक्षकों की पांच बिंदु के मांग के विषय में विशेष कर टेट अनिवार्यता के विषय में बुधवार को शिक्षा मंत्री ▶▶|शेष पेज 7 पर

ऐसे रहे नजारे...

सूरजपुर : छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने स्थानीय रंगमंच से संयुक्त जिला कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। शिक्षकों के आंदोलन के चलते जिले के कई स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित रही और शिक्षकों की गैरमौजूदगी के कारण बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ा जिसे लेकर पालकों में चिंता नजर आई। ▶▶|शेष पेज 7 पर

68 लाख बहनों के खातों में रक्षाबंधन से पहले भेजे गए 631 करोड़

बहनों ने बांधी स्नेह की डोर, 'विष्णु भैया' ने दिया सुरक्षा और सम्मान का भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले राजधानी रायपुर में मंगलवार को भाई-बहन के स्नेह और राष्ट्ररक्षा के संकल्प का भावपूर्ण संगम देखने को मिला। बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'स्नेह की डोर' कार्यक्रम में केंद्रीय सुरक्षा बलों, सेना और पुलिस के जवानों की कलाइयों पर जब स्कूली बेटियों, दिव्यांग बेटियों और महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने रक्षा सूत्र बांधे तो पूरा वातावरण आत्मीयता, सम्मान और कृतज्ञता के भाव से भर उठा।

कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब वर्ष 2017 में रक्षाबंधन के ठीक एक दिन पूर्व नक्सली मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए शहीद उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कलाई पर राखी बांधी। मुख्यमंत्री इस ▶▶शेष पेज 7 पर

खास खबर

नक्सलवाद के अंत से बहनों को मिला बड़ा उपहार

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़ हमारी बहनों के लिए सुरक्षा और विश्वास का सबसे बड़ा उपहार है।

माधुरी ने बांधी राखी भावुक हुए मुख्यमंत्री



कार्यक्रम में नक्सली मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी वर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की कलाई पर राखी बांधी। इस आत्मीय क्षण में मुख्यमंत्री भावुक हो उठे। मुख्यमंत्री श्री साय ने भावुक स्वर में कहा, मेरी कोई सगी बहन नहीं है। हम लोग भाई ही भाई हैं। आज माधुरी जी ने मेरी कलाई पर राखी बांधी है। मुझे सगी बहन से भी बढ़कर बहन मिली है।

खातों में पहुंची महतारी वंदन की 31वीं किस्त

भाई-बहन के अटूट स्नेह के पावन पर्व रक्षाबंधन से पहले मंगलवार को बालोद जिले के डौंडीलोहारा में एक आत्मीय और भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। प्रदेश की लाखों बहनों के 'विष्णु भैया' मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन सम्मान समारोह में प्रदेश की 67 लाख से अधिक माताओं-बहनों के बैंक खातों में महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त के रूप में 631 करोड़ 38 लाख से अधिक की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि हमारी माताओं-बहनों के चेहरे पर मुस्कान, उनका आत्मविश्वास और उनका आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

खबर संक्षेप

सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राव आंध्र के लोकायुक्त

विजयवाडा। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश टी मल्लिकार्जुन राव ने आंध्र प्रदेश के लोकायुक्त के रूप में शपथ ली। लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की उपस्थिति में न्यायमूर्ति राव को पद की शपथ दिलाई। विज्ञप्ति में बताया गया कि इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री के. श्रीनिवास सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

1.25 करोड़ का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना के हनमकोंडा जिले में पुलिस ने 55 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1.25 करोड़ रुपए मूल्य का 251 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांजा तस्कर के घर की तलाशी ली और वहां से 251 किलोग्राम गांजा, एक दोपहिया वाहन, 9,000 रुपए नकद तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया।

जहरीली शराब कांड में 13 और आरोपी गिरफ्तार

भावनगर। गुजरात पुलिस ने भावनगर जहरीली शराब कांड में 13 और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक मध्यप्रदेश निवासी भी शामिल है, जिस पर जहरीली शराब तैयार करने में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। इन गिरफ्तारियों के साथ ही पिछले सप्ताह सामने आए इस कांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

जिलों के प्रभारी मंत्रियों के दो माह के काम की समीक्षा

प्रभारियों से पूछा-मंत्री बैठक ले रहे हैं या नहीं?



- सीएम साय सहित जिलों के प्रभारी मंत्री विधायक, सांसद पहुंचे भाजपा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के कई मंत्री जो जिलों के प्रभारी मंत्री हैं, मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पहुंचे। यहां पर सत्ता और संगठन में तालमेल को लेकर घंटों मंथन चला। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और पवन साय ने प्रभारी मंत्रियों से वन टू वन बात करके जानने का प्रयास किया कि उनके जिले में क्या-क्या चल रहा है। पहले दिन 16 जिलों पर चर्चा की ▶▶शेष पेज 7 पर

खास खबर

सीएम के साथ भी बैठक

शाम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पहुंचे। इसके बाद प्रभारी मंत्रियों, विधायकों और सांसद सहित प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ सत्ता और संगठन के तालमेल को लेकर लंबा मंथन किया गया। बैठक में प्रदेश संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। दूसरे दिन बुधवार को फिर से 17 जिलों के प्रभारी मंत्रियों, विधायक, सांसद और जिलाध्यक्षों, जिलों के प्रभारियों के साथ बैठक होगी। बैठक में जिलों की समीक्षा करके जानने का प्रयास होगा कि जिलों में ▶▶शेष पेज 7 पर

पहले दिन 16 जिलों पर चर्चा

ठाकरे परिसर में प्रभारी मंत्रियों की दो दिनों की बैठक तय की गई है। पहले दिन मंगलवार को 16 जिलों के प्रभारी मंत्रियों से चर्चा की गई। इसमें डिप्टी सीएम अरुण साव, केदार कश्यप, लखन लाल देवांगन, दयालदास बघेल, राजेश अग्रवाल शामिल हैं। प्रभारी मंत्रियों के साथ ही जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्षों, विधायकों और सांसदों को भी बुलाया गया। सभी से पूरी जानकारी ली गई कि उनके जिले में काम ठीक चल रहा है या क्या कोई कमी है। प्रभारी मंत्रियों की बैठक के बारे में जानकारी ली गई कि मंत्री बैठक ले रहे हैं या नहीं ले रहे हैं। समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली गई। जिन जिलों से समस्याओं की जानकारी सामने आई, उनके समाधान के लिए भी ▶▶शेष पेज 7 पर

विदेशी चीनी को दो महीने में बेचना जरूरी इधर, रायपुर में तीन रुपए घट गए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

चीनी के बढ़ते दामों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने इसके आयात से जुड़े नियमों को सख्त कर दिया है। अब टैरिफ रेट कोटा के तहत विदेश से आने वाली कच्ची चीनी को 60 दिनों के अंदर प्रोसेस कर बाजारों में बेचना होगा। इस फैसले से चीनी की जमाखोरी पर ▶▶शेष पेज 7 पर

- चीनी के बढ़ते दामों पर एक्शन में सरकार, छत्तीसगढ़ में थोड़ी राहत



रायपुर में शक्कर तीन रुपए कम

रायपुर। राजधानी रायपुर में भी अब शक्कर के दाम लगातार कम हो रहे हैं। कैट के कार्यकारी अध्यक्ष और थोक कारोबारी राम मंधान के मुताबिक शनिवार को डूमतराई बाजार में शक्कर के थोक में दाम 61 रुपए थे जो सोमवार को 60 रुपए और अब मंगलवार को कम होकर 58 रुपए हो गए हैं। आने वाले समय में इसके दाम और कम होंगे।

चीनी का मिल भाव 18 प्रतिशत घटा

चीनी के आयात की अनुमति दिए जाने और जमाखोरी एवं सट्टेबाजी पर सरकार के अंकुश लगाने के बाद इसके मिल भाव 18 प्रतिशत घटकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम रह गए हैं। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मिल भाव में आई गिरावट का असर थोक और खुदरा बाजारों में दिखना अभी बाकी है।

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

अनुकंपा नियुक्ति में शादीशुदा बेटी को भी नौकरी का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े अहम मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि केवल शादीशुदा होने के आधार पर बेटी को अनुकंपा नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले को निरस्त करते हुए दो शादीशुदा बेटियों को अनुकंपा नियुक्ति देने का आदेश दिया है।



हाईकोर्ट ने बैंक को दोनों अपीलकर्ताओं की शैक्षणिक योग्यता और लागू नियमों के अनुसार 90 दिन के भीतर अनुकंपा नियुक्ति देने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वैवाहिक स्थिति को नियुक्ति में अयोग्यता का आधार नहीं बनाया जा सकता।

बस्तर के दुर्गम जंगल में वन्यजीव के बचाव और पुनर्मिलन मिशन को मिली सफलता

बिल्ली का बच्चा समझ तेंदुए के शावक को गांव वाले ले आए थे घर, 48 घंटे बाद वन विभाग ने मां से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग की वन्यजीव के बचाव और पुनर्मिलन मिशन की टीम ने 48 घंटे के ऑपरेशन के बाद तेंदुए के शावक को मां से मिला दिया। 22 अगस्त की रात तहसील दरभा क्षेत्र के ग्राम छोटे गुडरा में दो युवकों द्वारा तेंदुए के शावक को बिल्ली का बच्चा समझकर घर लाने की खबर मिली थी। उसके बाद मुख्य वन संरक्षक स्टायलो मंडावी एवं वन मंडलाधिकारी दिपेश कपिल के निर्देशन में उप वन मंडलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे एवं चित्रकोट एसडीओ सुखदास नाग के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई थी।

टीम ने पुनर्मिलन मिशन में युवकों की निशानदेही पर रात 11.30 बजे से सुबह 4 बजे तक अभियान चलाया। लोकेशन मिलने से 24 अगस्त की सुबह 4 बजे शावक को ठीक उसी स्थान पर सुरक्षित छोड़ा गया, जहां से उसे उठाया गया था। निगरानी के लिए स्थल के आसपास आधुनिक कैमरा स्थापित किए गए, जिससे कैमरे में कैद ▶▶शेष पेज 7 पर

खास खबर



ग्रामीणों के सहयोग मिला

वनमंडलाधिकारी दिपेश कपिल ने बताया कि यह सफलता बस्तर में आधुनिक तकनीक, त्वरित मैदानी तालमेल और वन प्रबंधन समिति के प्रति ग्रामीणों के सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

अभियान में संयुक्त प्रयास का योगदान

इस सफल अभियान में करपावंड परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ रजक, दरभा खितीराम कुर्रे, माचकोट प्रकाश देहारी, चित्रकोट प्रकाश ठाकुर, वनपाल राजकुमार मिश्रा, सुखराम नाग, रामदास बघेल, गुलाब चंदेल, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के परवेदर राय, मैदानी स्टाफ रामकांदा मौर्य, झिलकू राम मंडावी, सीताराम बघेल, संपत राम, सुरक्षा श्रमिक एवं अन्य कर्मचारी का सराहनीय योगदान रहा।

वन्यजीव संरक्षण की दिशा में मिसाल : केदार

वन मंत्री केदार कश्यप ने 48 घंटे का विशेष बचाव और पुनर्मिलन मिशन चलाकर तेंदुए के शावक को सुरक्षित उसकी मां से मिलाने के लिए विभाग की टीम और ग्रामीणों के सहयोग की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और वन्यजीवों की रक्षा हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।

मौसी का दावा
व्यूज-लाइक के लिए फैलाया जा रहा झूठ

कुणाल और परिवार की मौत की वजह आईफोन नहीं, कुछ और!

एजेंसी ▶▶| पुणे/छत्रपति संभाजीनगर

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) एक आईफोन की जिद और उसकी ईएमआई के विवाद में एक ही परिवार के तीन सदस्यों (माता, पिता और बेटा) की मौत की घटना में बड़ा ट्विस्ट आया है। 18 वर्षीय कुणाल अपने माता-पिता के साथ पहाड़ी से गिरकर मर गया। इसके बाद माता पिता ने भी छलांग लगाकर जान दे दी थी। कुणाल चंदगुडे की मौसी ने एक इमोशनल वीडियो जारी कर लोगों से परिवार के बारे में बिना जांचे-परखे दावे फैलाना बंद करने की अपील की है।

पुलिस ने हादसे पर क्या कहा

पुलिस ने शुरू में उन दावों की जांच की थी कि हो सकता है कि आईफोन की मांग पूरी न होने की वजह से कुणाल चट्टान पर पहुंचा हो। हालांकि शुरुआती जांच से पता चला है कि परिवार में गहरे और लंबे समय से मतभेद थे। डीसीपी (जोन-1) पंकज अतुलकर ने टीओआई को बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि यह हादसा पारिवारिक झगड़े और अंदर ही कुछ गंभीर मतभेदों का नतीजा था। पुलिस को यह भी पता चला है कि कुणाल 2025 में भी आईफोन की मांग पूरी न होने पर उसी चट्टान पर गया था और उसने सुसाइड करने की धमकी दी थी।

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में हुए हादसे में नया मोड़

कुणाल की मां संगीता की बहन पल्लवी पाटिल ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो खूब चल रहे हैं जिनमें दावा किया जा रहा है कि कुणाल ने अपने माता-पिता को इसलिए आत्महत्या करने पर मजबूर किया क्योंकि उसे आईफोन नहीं मिला। पल्लवी ने कहा है कि आप बिना किसी जानकारी के झूठ क्यों फैला रहे हैं? पाटिल ने वीडियो में पूछा, कि जो लोग परिवार या हादसे के हालात को नहीं जानते, वे सिर्फ व्यूज और लाइक्स के लिए वीडियो बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगीता मेरी बड़ी बहन थी, कुणाल मेरा भतीजा था और मुरलीधर मेरा जीजा था। इन तीनों को खोने के बाद हमारे परिवार पर कितना बड़ा पहाड़ टूट पड़ा है, सिर्फ हम ही जानते हैं। पल्लवी ने इस वीडियो में यह भले कहा है कि आईफोन वाली बात अफवाह है लेकिन इन मौतों के पीछे का कारण नहीं बताया है।

'लोग हादसे के बारे में नहीं जानते'



क्या है पूरा मामला? : पिछले दिनों वीडियो सामने आया था। इसमें सुसाइड करने पहाड़ी पर पहुंचे कुणाल को बचाने के चक्कर में दोनों बाप-बेटे गिर गए थे और उसके तुरंत बाद मां ने भी पहाड़ी से छलांग लगा दी थी। कुछ ही पल में मां-बाप, बेटे की जान चली गई थी। हादसे से पहले कुणाल को बचाने की कोशिश हुई जिसको लेकर 3 घंटे तक पहाड़ी पर कोशिशें होती रहीं।

पर्सनल लाइफ में उथल-पुथल

जांच करने वालों को संगीता के सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो भी मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि उसकी पर्सनल लाइफ में उथल-पुथल चल रही थी। संगीता ने रिश्तों में सम्मान पर एक मार्मिक वीडियो साझा किया था, जो अब वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने कहा था अपना भाग्य उसी व्यक्ति को सौंपने के लिए तैयार रहें जो आपका सम्मान करता हो और आपके प्रेम की कद्र करता हो। वीडियो में कुणाल की मां ने यह भी कहा है कि जैसे चपाती तभी स्वादिष्ट लगती है जब वह दोनों तरफ से अच्छी तरह से सेंकी जाए, ठीक उसी तरह रिश्ता भी तभी सार्थक होता है जब दोनों तरफ से अच्छा व्यवहार हो और दोनों एक-दूसरे को महत्व दें।

खबर संक्षेप

मोदी के संदेश को जनता के बीच ले जाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। भाजपा अगले चार-पांच दिनों में 'सप्तधारा' का संदेश लोगों तक पहुंचाएगी, ताकि वे इसके अलग-अलग पहलुओं को समझ सकें।



भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सप्तधारा' यानी विकास की सात धाराओं वाले लक्ष्य की सराहना की है। पात्रा ने कहा कि किसी भी देश को आगे बढ़ने के लिए एक लक्ष्य चाहिए।

अभिषेक की गिरफ्तारी पर 30 नवंबर तक रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को तीन आपराधिक मामलों में राहत देते हुए 30 नवंबर तक उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल उनकी हिरासत में पूछताछ की जरूरत नहीं है।



बीपीएससी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों का प्रदर्शन हुआ हिंसक

पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज, दौड़ाकर पीटा, पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की शिक्षक भर्ती परीक्षाओं और परीक्षा प्रणाली में बदलाव की मांग को लेकर मंगलवार को पटना में हजारों विद्यार्थियों का प्रदर्शन हिंसक हो गया। मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के दौरान पुलिस और विद्यार्थियों के बीच कई स्थानों पर झड़प हो गयी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने लाठीचार्ज छात्रों को दौड़ा-दौड़कर पीटा, और पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। पथराव में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

एजेंसी ▶▶| पटना

गांधी मैदान से शुरू हुए मार्च में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) सहित कई वामपंथी छात्र एवं युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। गांधी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक करीब पांच किलोमीटर लंबे मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जदयू कार्यालय के निकट जेपी गोलंबर पर पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया लेकिन प्रदर्शनकारी डटे रहे। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा ने कहा, 'स्थिति तनावपूर्ण होने पर पानी की बौछार का इस्तेमाल किया गया।'

रिजल्ट में गड़बड़ी पर हंगामा, टीआरई-4 एग्जाम में बदलाव की मांग

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान और आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़





हिरासत में लिए गए कई प्रदर्शनकारी

पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर विभिन्न स्थानों पर भेजा हालांकि हिरासत में लिए गए लोगों की आधिकारिक संख्या जारी नहीं की गई। अधिकारी ने बताया, 'स्थिति अब नियंत्रण में है और यातायात बहाल किया जा रहा है। सड़क पूरी तरह खाली होने के बाद हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या बताई जाएगी। कुछ लोगों ने हिंसा का सहारा लिया, जिसे हमने रोका।

वीडियो में मारपीट करते दिखे पुलिसकर्मी

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डाकबंगला चौराहे पर पुलिस के लाठीचार्ज और छात्रों द्वारा पथराव के दृश्य सामने आए हैं। एक वीडियो में पुलिस अधिकारी एक प्रदर्शनकारी को थप्पड़ मारता दिखाई दे रहा है जबकि दूसरे वीडियो में एक महिला प्रदर्शनकारी सड़क किनारे बेहोश होकर गिरती नजर आ रही है। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी।

परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

प्रदर्शन के दौरान कई छात्र सोमवार को बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार सिंह की आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ भी नारेबाजी करते रहे। छात्रों ने आरोप लगाया कि परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस टिप्पणी को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई विपक्षी नेताओं ने आलोचना की थी। बाद में सिंह ने वीडियो जारी कर खेद जताया और कहा था कि उनका किसी की भावना आहत करने का इरादा नहीं था तथा उन्होंने केवल एक कहावत का इस्तेमाल किया था।

अयोग्यता मामला : स्पीकर बिड़ला से समयसीमा में फैसला लेने की बताई जरूरत

टीएमसी के 20 बागी सांसदों को सुप्रीम नोटिस हुआ जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उन 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने पार्टी से अलग होकर खुद का विलय 'नेशनल सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' (एनसीपीआई) में करने का दावा किया था और सत्तारूढ़ एनडीए (एनडीए) गठबंधन का समर्थन किया था। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा में पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह नोटिस जारी किया। अदालत ने पहले संकेत दिया था कि वह लोकसभा अध्यक्ष को भी नोटिस जारी करेगी, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर ऐसा नहीं किया, जिन्होंने अदालत में स्पीकर की तरफ से पैरवी की।



यह है मामला

दरअसल अभिषेक बनर्जी ने अपनी याचिका में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सामने लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द से जल्द और समयबद्ध फैसला लेने की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि स्पीकर ने अयोग्यता याचिकाओं पर बागी सांसदों को पहले ही नोटिस जारी कर दिया है। सॉलिसिटर जनरल के बयान पर जस्टिस जयमाल्य बागची ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'यह केवल नोटिस जारी करने का सवाल नहीं है; असली सवाल प्रक्रिया को एक निश्चित समय के भीतर पूरा करने का है।'

हैंड ग्रेनेड और हिजबुल के पोस्टर बरामद

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 6 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने आतंक के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग अभियानों में छह संदिग्ध आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हैंड ग्रेनेड, एके-47 की मैगजीन, कारतूस और आपत्तिजनक पोस्टर बरामद किए गए हैं। पहली कार्रवाई हीरपोरा इलाके में नाका चेकिंग के दौरान हुई। सुरक्षाबलों ने जेके18बी-6130 नंबर की एक मोटरसाइकिल को रोककर उस पर सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया। उनकी पहचान कुलगाम के चद्दर निवासी जुनैद मुजफ्फर डार, आमिर यूसुफ और मतलहामा निवासी जुनैद बशीर डार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से दो हैंड ग्रेनेड और आपत्तिजनक पोस्टर बरामद किए गए। आगे की जांच शुरू कर दी गई है।



आतंकी कनेक्शन की जांच

सुरक्षा एजेंसियां अब दोनों मामलों में गिरफ्तार आरोपियों की गतिविधियों और संभावित आतंकी संपर्कों की जांच कर रही हैं। जांच के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि बरामद हथियार और आपत्तिजनक सामग्री कहां से आई और इसके पीछे कौन सा नेटवर्क सक्रिय है।

कर्नाटक सरकार का एक्शन

अमेजन, स्विगी ने धतूरा बेचा फूड लाइसेंस हुआ निलंबित



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

कर्नाटक सरकार ने ऑनलाइन धतूरा फल और बीज बेचने के मामले में अमेजन, स्विगी, इंस्टामार्ट और बिगबास्केट के फूड लाइसेंस अगले आदेश तक निलंबित करने का निर्देश दिया है। सरकार ने संबंधित विक्रेताओं और सप्लायर्स के लाइसेंस भी निलंबित करने को कहा है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से धतूरे की बिक्री, विज्ञापन और प्रमोशन तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के मुताबिक, धतूरे के फल और बीज जहरीले होते हैं और इन्हें खाने से गंभीर स्वास्थ्य नुकसान हो सकता है। इसलिए इन्हें मानव उपभोग के लिए ऑनलाइन बेचना या वितरित करना जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता है। कंपनियों को निर्देशों का तुरंत पालन करने को कहा गया है और लाइसेंस निलंबन हटाने पर बाद में सुनवाई के बाद फैसला लिया जाएगा।



बीजिंग में एनएसए डोभाल और वांग यी के बीच हुई विशेष प्रतिनिधि स्तर की 25वीं बैठक से निकला यह निष्कर्ष

सीमाई इलाकों में शांति-सौहार्द कायम करने के पक्ष में भारत और चीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के बीच मंगलवार को बीजिंग में सीमा संबंधी मामलों के समाधान के लिए गठित किए गए विशेष प्रतिनिधि तंत्र (एसआर) की 25 वीं बैठक हुई है। जिसमें दोनों पक्षों ने अपने राष्ट्राध्यक्षों के मार्गदर्शन और विजन के मद्देनजर द्विपक्षीय संबंधों में जारी मौजूदा गति की सकारात्मक आधार पर समीक्षा की है। भविष्य में आपसी सहयोग को और अधिक विस्तार देने के उपायों पर भी डोभाल और वांग यी ने बैठक के दौरान विचार-विमर्श किया।

चीन में भारत के दूतावास ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में दोनों ने सरहदी क्षेत्रों में स्थिरता के साथ शांति और सौहार्द को बनाए रखने को लेकर अपनी सहमति प्रदान की है। वार्ता में सीमा निर्धारण में प्रगति के अलावा सीमा पार सहयोग को लेकर जारी कार्य को जस का तस बनाए रखने पर भी दोनों पक्ष राजी हुए। यहां बता दें कि इस बैठक से पहले एनएसए अजीत डोभाल ने चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात की थी। गौरतलब है कि एनएसए एसआर तंत्र की बैठक में भाग लेने के लिए बीते सोमवार से चीन की दो दिवसीय यात्रा पर थे।



ब्रिक्स सम्मेलन में शिरकत करेंगे राष्ट्रपति जिनपिंग

इन सबके बीच अगले महीने 12 से 13 सितंबर तक भारत की अध्यक्षता में आयोजित किए जाने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भागीदारी की संभावना बढ़ गई है। अगर उनका यह दौरा होता है तो यह बीते करीब सात वर्षों में पहला ऐसा मौका होगा। जब वह नई दिल्ली की यात्रा करेंगे। इसके अलावा भारत, चीन के राष्ट्राध्यक्षों की बिश्केक में होने वाले आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान भी मुलाकात करने की संभावना है।

संबंधों में गिरावट की वजह एलएसी विवाद

गौरतलब है कि एसआर स्तर की यह बैठक मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच 2020 के मध्य में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सटे सीमाई इलाके में हुए जबरदस्त सैन्य विवाद से जुड़ी हुई है। जो दोनों देशों के संबंधों में आई अत्यधिक गिरावट का सबसे बड़ा कारण रहा है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए भारत और चीन के बीच कई दौर की शीर्ष सैन्य कमांडरों से लेकर कूटनीतिक स्तर की बैठकें हुईं। अंत में विवाद का समाधान वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रूस के कजान शहर में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद निकला।

2003 में हुआ एसआर तंत्र का गठन

एलएसी विवाद समाप्ति के बाद अब तक दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को 2020 में विवाद से पहले की स्थिति की तर्ज पर सामान्य बनाने को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा चुके हैं। ज्ञात हो कि भारत, चीन के बीच एसआर तंत्र का गठन 2003 में किया गया था। जिसके बाद क्रमवार रूप से दोनों देशों में इससे जुड़ी हुई बैठकों का आयोजन किया जाता है। पूर्व में संबंधित बैठक भारत में हुई थी। डोभाल और वांग यी इस तंत्र के दोनों देशों द्वारा नामित किए गए प्रतिनिधि हैं।

रायपुर, बुधवार 26 अगस्त 2026 | श्रावण शुक्ल पक्ष त्रयोदशी | वर्ष : 25, अंक : 36 | पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



पीतल और लकडी का दाम हुआ दोगुना

बेलमेटल शिल्प कला के संग्रहकर्ता और जानकार व्यवसायी अनिल लुंकड ने बताया कि रॉ मटेरियल का दाम दो से तीन गुना बढ़ गया है। वहीं पुराना पीतल भी अब नहीं मिल रहा है। इसमें लगने वाला मुख्य आइटम मोम भी 100-150 रुपए में मिल जाता था जो अब 300 हो गया है। लकडी का कीमत भी दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सफाई का काम नहीं होने से बेलमेटल का मूल स्वरूप समाप्ति की ओर है।

50 का लोहा 150 रुपए, कोयला, पॉलिश भी महंगा, संकट में बेलमेटल और लौह शिल्प कला

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ का बस्तर अपनी आदिवासी संस्कृति, लोक परंपराओं और हस्तशिल्प के लिए देश-दुनिया में अलग पहचान रखता है। इन्हीं पारंपरिक कलाओं में ढोकरा कला का विशेष स्थान है। बेल मेटल से तैयार होने वाली यह कला केवल सजावटी वस्तुओं का निर्माण नहीं, बल्कि बस्तर की जनजातीय ⏭शेष पेज 7 पर



सरकार से मिल रहा 5000 पेंशन

दादा परदादा जमाने से हमारा परिवार लौहशिल्प निर्माण का काम कर रहा है। मैं स्वयं 50 साल से इस काम में लगा हूं। मेरे दो बेटे भी यही काम कर रहे है तथा उनके बच्चे भी पढाई के बाद कुछ समय देकर रूचि ले रहे हैं। इस कला के कारण अमेरिका और हांगकांग तथा देश के सभी बडे शहरों में जाने का अवसर मिला है। राष्ट्रपति और प्रदेश सरकार से सम्मान मिला है। हर महीने 5000 पेंशन मिल रहा है। समस्या मार्केटिंग और सामान के मंहगा होने से है, इस पर सरकार ध्यान दे।

-विद्याधर विश्वकर्मा, लौह शिल्पी नगरनार

बाजार का लाभ सभी शिल्पकारों तक पहुंचाना चुनौती

ऑनलाइन बाजार और सोशल मीडिया ने शिल्पकारों के लिए नए अवसर भी पैदा किए हैं। इससे स्थानीय उत्पादों को देश के अन्य हिस्सों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों तक पहुंचाने की संभावना बढ़ी है। हालांकि डिजिटल बाजार का लाभ सभी शिल्पकारों तक समान रूप से पहुंचाना अभी भी एक चुनौती है। शिल्पकारों को उचित मूल्य, कच्चे माल की उपलब्धता, प्रत्यक्ष बाजार, प्रशिक्षण, ⏭शेष पेज 7 पर

सांचा तोड़कर कलाकृति का निर्माण

ढोकरा निर्माण में मिट्टी, मोम, धान की भूसी, कोयला और धातु जैसी सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाता है। इस कला की सबसे खास बात इसकी लॉस्ट-वैक्स या 'वैक्स-लॉस्ट' तकनीक है। पहले मिट्टी का आधार तैयार किया जाता है, फिर मोम की पतली तारों से ⏭शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

पैसे दोगुने करने का झांसा देकर 28 लाख की ठगी

छतरपुर। टेलीग्राम ऐप पर रेटिंग बढ़ाने का काम दिलाने और पैसा दोगुना करने का झांसा देकर कथित तौर पर 28 लाख की साइबर ठगी की गई। इस मामले में पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने आरोपियों के कब्जे से कुछ एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन और 38 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। मोहित चौबे नाम के एक शख्स ने खजुराहो थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा-स्कूल में हिजाब के बिना उसके धर्म के मूल स्वरूप पर कोई असर नहीं पड़ेगा

स्कूल यूनिफॉर्म के साथ हिजाब पहनना इस्लाम धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

कोर्ट ने कहा कि यदि किसी निजी स्कूल की ड्रेस नीति समान है, तो छात्र उस तय ड्रेस कोड में अपनी ओर से बदलाव की मांग नहीं कर सकता

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक नाबालिग मुस्लिम छात्रा की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने स्कूल की तय यूनिफॉर्म के साथ हिजाब यानी सिर पर स्कार्फ पहनने की अनुमति देने मांगी थी।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक या कानूनी सामग्री पेश नहीं कर सकी कि हिजाब पहनना इस्लाम की ऐसी 'अनिवार्य धार्मिक प्रथा' है, जिसके पालन के बिना उसके धर्म के मूल स्वरूप पर असर पड़ेगा। यह फैसला जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस इंद्रजीत शुक्ला की बेंच ने दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि किसी निजी स्कूल की ड्रेस नीति समान, वास्तविक, गैर-भेदभावपूर्ण और अनुशासन तथा संस्थागत पहचान बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की गई है, तो छात्र उस तय ड्रेस कोड में अपनी ओर ⏭शेष पेज 7 पर

- *छात्रा ने अपने धार्मिक अधिकारों के संरक्षण के लिए संविधान के अनुच्छेद 25 का भी सहारा लिया*
- *वह कक्षा 6वीं से लेकर कक्षा 10वीं तक इसी स्कूल में हिजाब पहनकर आती रही थी*



पहले भी होते रहे हैं विवाद

हरिभूमि नॉलेज गाइड: कई देशों में बुर्का पहनने पर प्रतिबंध

यूरोप में फ्रांस ने 2011 में सबसे पहले सार्वजनिक स्थानों पर बुर्का पूरी तरह प्रतिबंधित किया था। इसके बाद बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, नीदरलैंड्स, बुल्गारिया, स्विट्जरलैंड और पुर्तगाल जैसे यूरोपीय देशों ने भी चेहरे को ढकने वाले कपड़ों पर पूर्ण रोक लगा दी है। एशिया और अफ्रीका के देशों में भी सख्त नियम लागू हैं।

1. केरल: मई 2019: केरल के एक मुस्लिम शैक्षणिक संस्थान द्वारा परिसरों में छात्राओं के चेहरा ढकने यानी नकाब या बुर्का पहनने पर रोक लगाने का निर्देश जारी किया गया था। इस आंतरिक आदेश के बाद देश भर में बहस छिड़ गई थी।

2. कर्नाटक हिजाब-बुर्का विवाद 2022: फरवरी-मार्च 2022 में उडुपी के एक सरकारी कॉलेज में मुस्लिम छात्राओं को क्लासरूम में हिजाब/बुर्का पहनने से रोका गया, जिसके बाद यह विवाद बड़े पैमाने पर राज्य और देश भर में फैल गया।

3. नई दिल्ली 2025: नवंबर 2025 में दिल्ली के एक अस्पताल में भी बुर्का पहनने के कारण एक महिला को रोके जाने का मामला सामने आया था जिससे काफी हंगामा हुआ था।

छात्रा ने क्या दलील दी?

यह समानता के अधिकार का उल्लंघन

हिजाब पहनना उसके धर्म की एक आवश्यक धार्मिक प्रथा है। उसने तर्क दिया कि हिजाब पहनने से रोकना संविधान के अनुच्छेद 14 यानी समानता के अधिकार और अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। उसने अपने धार्मिक अधिकारों के संरक्षण के लिए संविधान के अनुच्छेद 25 का भी सहारा लिया।

स्कूल ने क्या कहा

सभी छात्राएं तय यूनिफॉर्म पहन रहीं

स्कूल के प्रिंसिपल की ओर से यह भी कहा गया कि उसी धार्मिक समुदाय की दूसरी छात्राएं तय यूनिफॉर्म का पालन कर रही हैं और हिजाब के लिए एक छात्रा को विशेष छूट देने से स्कूल के प्रशासन, अनुशासन और समान ड्रेस व्यवस्था पर असर पड़ सकता है।

स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र सहित 3 की मौत

कुसमुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम खोडरी मोड़ पर हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज रफ्तार स्कार्पियो के चालक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार पिता-पुत्र सहित 3 लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना के बाद स्कार्पियो का चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हरदीबाजार थानान्तर्गत ग्राम सरईसिंगार निवासी फूल सिंह 58 वर्ष पिता दौलत सिंह, नरसिंह सिंह 24 वर्ष पिता फूल सिंह और यशवंत सिंह पिता स्वर्गीय कमल सिंह बाइक. क्रमांक सीडी 12 बीजे 5644 पर सवार होकर ग्राम सराइसिंगार से गेवरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 3 बजे कुसमुंडा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम ⏭शेष पेज 7 पर

दो बाइक में हुई भिड़ंत, दो युवकों की मौत

सर्वमंगला चौकी क्षेत्र में मंगलवार की शाम सर्वमंगला कनवेरी मार्ग के जोड़ा पुल के पास आमने सामने दो बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। एक बाइक में तीन लोग सवार थे जबकि दूसरी बाइक में दो लोग सवार थे। दोनों बाइक के भिड़ंत होने से सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जब स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस की टीम ⏭शेष पेज 7 पर

नौ साल में 17वीं बार जेल से बाहर आया राम रहीम

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को 21 दिन की फरलो

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

दुष्कर्म के मामले में दोषी डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह मंगलवार सुबह 21 दिन की फरलो पर रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आया। अगस्त 2017 में दोषी ठहराए जाने के बाद यह 17वीं बार है, जब वह जेल से बाहर आया है। राम रहीम अपनी दो शिष्याओं से दुष्कर्म के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है और हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बंद है। सूत्रों के अनुसार, फरलो की अवधि के दौरान वह सिरसा स्थित अपने डेरा मुख्यालय में रहेगा। दोषी ठहराए जाने के बाद से उसे असामान्य रूप से कई बार फरलो और पैरोल मिल चुकी है। इस साल ही वह तीसरी बार जेल से बाहर आया है।



एसजीपीसी ने निंदा की

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) जैसे सिख संगठनों ने राम रहीम को बार-बार मिल रही इस राहत की आलोचना की है। मार्च में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 2002 में एक पत्रकार की हत्या के मामले में राम रहीम को बरी कर दिया था।

रक्षाबंधन पर दुर्ग-रायगढ़ के बीच पैसेंजर स्पेशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रक्षाबंधन पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दुर्ग-रायगढ़-दुर्ग के बीच रक्षाबंधन पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 08834/08833 27 से 29 अगस्त 2026 तक कुल तीन फेरे लगाएगी।

- 27 से 29 अगस्त तक, तीन फेरे लगाएगी रक्षाबंधन स्पेशल

इससे दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, रायगढ़ सहित मार्ग के अन्य स्टेशनों के यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा सुविधा मिलेगी। गाड़ी संख्या 08834 दुर्ग-रायगढ़ पैसेंजर स्पेशल दुर्ग से सुबह 10.30 बजे रवाना होगी। ट्रेन भिलाई नगर, भिलाई पॉवर हाउस, भिलाई, देवबलोदा, चरोदा, कुम्हारी, सरोना, सरस्वती नगर ⏭शेष पेज 7 पर

जाति जनगणना में ओबीसी का कॉलम क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मोदी सरकार द्वारा अधिसूचित जनगणना के मौजूदा प्रारूप पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे खारिज कर दिया है। सरकार से पूछा कि जाति जनगणना में ओबीसी का कॉलम क्यों नहीं? कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त पत्र भेजा है। ⏭शेष पेज 7 पर

- राहुल-खड़गे ने पीएम मोदी से पूछे सवाल



देश में करीब 4200 जातियां: जयराम रमेश यह भी बताया कि देश में लगभग 4,200 जातियां हैं, केंद्र व राज्यों सरकारों के पास पहले से ही इनकी सूचियां उपलब्ध हैं। इसलिए यह कहना गलत है कि ऐसी प्रमाणित सूची तैयार करना या उपलब्ध कराना संभव नहीं है।

'ड्रॉप-डाउन' सूची का सुझाव

कांग्रेस नेताओं ने जातियों की पहले से तैयार 'ड्रॉप-डाउन' सूची का सुझाव दिया है, जिसके तहत जनगणना के फॉर्म या डिजिटल ऐप में जातियों के आधिकारिक नाम पहले से उपलब्ध हों और गणनाकर्ता संबंधित व्यक्ति द्वारा बताए गए विवरण के आधार पर सूची में से उपयुक्त जाति का चयन कर सके।

ईरान से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर कार्रवाई

अमेरिका ने चार भारतीय कंपनियों पर लगाया बैन

हरिभूमि ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते युद्ध के बीच ईरान की आर्थिक नाकेबंदी में जुटे अमेरिका ने अब उससे पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों का आयात करने वाले देशों जैसे भारत की चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने अपने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट के जरिए यह प्रतिबंध लगाया गया है। जिसका उद्देश्य तेहरान के लिए राजस्व से जुड़े तमाम स्त्रोतों पर रोक लगाना है। जिन भारतीय कंपनियों पर रोक लगाई गई है। उनमें कस्टम्स ब्रोकर पोर्टीज पार्टनर लिमिटेड एलएलपी और उसकी साझेदार इंद्रिस्मिया अशरफमिया शेख, हरीश रामचंद्र रंगी मुख्य हैं।

इधर, ट्रंप का दावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दावा किया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में मौजूद सभी बारूदी सुरंगों को हटा दिया गया है या उन्हें विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी अमेरिकी नौसेना से मिली है। इसके साथ ही उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर किसी जहाज या नाव ने होर्मुज में नई बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश की तो उसे तुरंत और व्यवस्थित तरीके से नष्ट कर दिया जाएगा। ट्रंप ने यह दावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में किया।



चिंतन

अनियोजित विकास बना महानगरों की चुनौती

बड़े शहर देश में विकास के इंजन माने जाते हैं, लेकिन यही महानगर और बड़े शहर आज अनियोजित विकास का खामियाजा भुगत रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर मुंबई, चेन्नई, रायपुर, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर से असम तक बारिश ने शहरी व्यवस्था की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। कुछ घंटों की बारिश में सड़कें तालाब बन जाती हैं, यातायात ठप हो जाता है, घरों और बाजारों में पानी घुस जाता है। कहीं स्कूल बंद करने पड़ते हैं तो कहीं कंपनियां कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह देती हैं। सवाल यह है कि हर साल बारिश से पहले तैयारी के दावे होने के बावजूद हालात सुधर क्यों नहीं रहे? असल समस्या बारिश नहीं, बल्कि बिना भविष्य की जरूरतों का आकलन किए किया गया विकास है। शहरों का विस्तार तेजी से हुआ, लेकिन उसके अनुरूप सीवरेज, ड्रेनेज, जल निकासी, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक परिवहन का विस्तार नहीं हो पाया। कंक्रीट का जंगल बढ़ता गया और जमीन की पानी सोखने की क्षमता घटती गई। प्राकृतिक नाले, तालाब और जलाशय या तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए या निर्माण के बीच दब गए। नतीजा यह है कि कच्ची जमीन नहीं मिलने से बारिश का पानी अपने स्वाभाविक रास्ते तलाशने के बजाय सड़कों पर जमा होने लगा है। महानगरों की दूसरी बड़ी चुनौती यातायात और प्रदूषण है। सीमित सड़कें, बढ़ती आबादी और निजी वाहनों की संख्या ने जाम को रोजमर्रा की समस्या बना दिया है। बारिश के दौरान जलभराव के कारण स्थिति और विकराल हो जाती है। दुर्भाग्य यह है कि शहरी विकास अक्सर दीर्घकालिक योजना के बजाय तात्कालिक राजनीतिक और प्रशासनिक जरूरतों से संचालित होता है। नई सड़क बना देना या किसी क्षेत्र में निर्माण की अनुमति दे देना आसान है, लेकिन उसके साथ जल निकासी, पार्किंग, सीवरेज, सार्वजनिक परिवहन और पर्यावरणीय संतुलन की व्यवस्था करना कठिन और महंगा है। इसी कठिन काम से बचने का परिणाम आज जनता भुगत रही है। अब शहरों को केवल 'स्मार्ट' बनाने की घोषणाओं से आगे बढ़कर सस्टेनेबल और रेजिलिएंट बनाने की जरूरत है। प्रत्येक शहर के लिए वैज्ञानिक मास्टर प्लान तैयार हो और उसका पालन राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर सुनिश्चित किया जाए। कम से कम अगले 50 वर्षों की आबादी, जल जरूरत, यातायात, जल निकासी और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर योजना तैयार की जाए। जल निकायों और प्राकृतिक नालों को अतिक्रमण से मुक्त कराना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। शहरों में अधिक से अधिक खुले और हरित क्षेत्र बनाए जाएं, ताकि बारिश का पानी जमीन में जा सके। पुराने ड्रेनेज सिस्टम की क्षमता बढ़ाने के साथ उसकी नियमित सफाई और निगरानी हो। केवल बारिश आने से पहले नालों की औपचारिक सफाई पर्याप्त नहीं है। महानगरों की मौजूदा स्थिति चेतावनी है कि विकास की रफ्तार से ज्यादा जरूरी उसकी दिशा है। यदि शहरों का विस्तार इसी तरह बिना दूरदर्शिता के होता रहा तो आने वाले वर्षों में जलभराव, जाम, प्रदूषण, पानी की कमी और कचरा प्रबंधन जैसी समस्याएं और गंभीर होंगी। सरकारों को अब घटनाओं के बाद राहत देने की बजाय घटनाओं को रोकने की नीति अपनानी होगी। शहर केवल इमारतों, फ्लाईओवर और चौड़ी सड़कों से नहीं बनते; वे पानी, हवा, हरियाली, परिवहन और नागरिक सुविधाओं के संतुलन से बनते हैं। भविष्य के शहरों की नींव आज रखनी होगी, वरना विकास ही महानगरों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन जाएगा।

शिक्षा पर अब फोकस करना ही होगा



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

देश में बीते कुछ महीनों के दौरान "शिक्षा" और "परीक्षा" को लेकर यकबयक आंदोलनों की बाढ़ आ गई है जिसे राजनीतिक दलों द्वारा भी खूब हवा दिया जा रहा है। परीक्षा पेपर लीक और सरकारी स्कूलों की दुर्दशा और सुविधाओं को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में 'जेन - जी' यानि 1997 से लेकर 2012 के बीच जन्मी पीढ़ी और 'जेन-अल्फा' यानि 2010 से 2024 के बीच जन्मे बच्चों के आंदोलनों की खबरें सामने आई है। इधर सरकार से लेकर विपक्ष भी इन दिनों छात्रों के शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था पर काफी फिक्रमंद दिखाई दे रहा है। सत्ताधारी दल 'बीजेपी' और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'आरएसएस' जहां शिक्षा और परीक्षा पर जेन- जी और जेन-अल्फा से संवाद के लिए आतुर है तो प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विभिन्न शहरों में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के जरिए छात्रों विशेषकर छात्राओं से सीधा संवाद कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष इस अभियान के अंतर्गत युवाओं और युवतियों से शिक्षा प्रणाली, प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली, करियर, सुरक्षा और समानता को लेकर संवाद कर रहे हैं। बिलाशक सरकार और विपक्ष के छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों अचानक अति गंभीर होने की पीछे मुख्य मंशा 'जेन-जी वोट बैंक' को साधने की है जो आगामी चुनावों में निर्णायक होने वाला है।

गौरतलब है कि डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बनी कॉकरोच जनता पार्टी 'सीजेपी' के 'स्कूल ठीक करो' अभियान ने सरकारी स्कूलों पर एक बड़े बहस को जन्म दे दिया है। इस मुहिम के तहत 'सीजेपी' के लोग सरकारी स्कूलों में जाकर वहां के बदहाली की खबर को सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के बगरू विधानसभा के रामपुरा - कंवरपुरा गांव के सरकारी स्कूल के जायजा लेने पहुंचे 'सीजेपी' के राष्ट्रीय प्रवक्ता और कार्यकर्ताओं के साथ वहां के ग्रामीणों द्वारा मारपीट करने और उनके गाड़ियों के शीशे तोड़ने के आरोप लगे हैं। सीजेपी का आरोप है कि गांव का सरकारी स्कूल काफी जर्जर है और तबेले पर बच्चों की स्कूल चलाई जा रही है। बिलाशक जुलाई में दिल्ली के जंतर-मंतर पर 'सीजेपी' के अगुवाई में हुए प्रदर्शन जिसे 'जेन- जी प्रोटेस्ट' नाम दिया गया के पीछे राजनीतिक निहितार्थ था लेकिन 'जेन अल्फा' की मांग राजनीतिक नहीं है बल्कि यह स्कूलों से जुड़ी बुनियादी जरूरतों के लिए है।

अलबत्ता सीजेपी का 'स्कूल ठीक करो' अभियान विवादों में घिरता नजर आ रहा है।आलोचकों का मानना है कि सीजेपी का यह आंदोलन राजनीति प्रेरित है और यह सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में ही केंद्रीत है जबकि देश के सभी राज्यों के सरकारी स्कूल बदहाली के दौर में है। देश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था कभी भी सरकारों के प्राथमिकता में नहीं रही लिहाजा आज किसी भी सरकार से रातों-रात स्कूलों की तस्वीर बदलने की जिद्द बेमानी है। आखिरकार सरकारों के पास कोई जादुई छड़ी थोड़ी है जो आठ दशकों की बदहाली को महज कुछ महीनों या सालों में बदल दें। लिहाजा स्कूलों को आंदोलन का अखाड़ा न बनाकर इसके सुधार की दिशा में दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाने की जरूरत है।



गौरतलब है भारत की शिक्षा व्यवस्था अमीरी-गरीबी और शहरी - ग्रामीण के बीच बंटी हुई है। शिक्षा में यह असमानता बुनियादी आवश्यकताओं से लेकर पाठ्यक्रम यानि सिलेबस और संसाधनों की उपलब्धता में भी है। शिक्षा में यह विषमता बुनियादी शिक्षा से ही शुरू हो जाती है जो उच्च शिक्षा तक जारी रहती है। भारत के स्कूलों पर गौर करें तो एक तरफ आधुनिकतम सूचना तकनीक संसाधनों और सुविधाओं से लैस पांच सितारा निजी स्कूल हैं वहीं दूसरी ओर गरीब भारत की जीर्णशीर्ण , गंदगी युक्त और बुनियादी जरूरतों के तरसते 19 वीं सदी के सरकारी स्कूल हैं। आलम यह है कि अधिकांश सरकारी स्कूलों में पहुंच मार्ग, बेंच , बिजली, पंखा, साफ पेयजल, शौचालय और अन्य संसाधनों का भारी आभाव है। समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा है जिनके बच्चे अशिक्षा,गरीबी, लैंगिक भेदभाव व रूढ़िवादी परंपरा के चलते स्कूलों का मुँह नहीं देख पा रहे हैं या उन्हें बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि देश की सरकारों ने सरकारी स्कूलों और स्कूली शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कोई जतन नहीं किया है।बीते दशकों में सरकारों ने अनेक नीतियां, योजनाएं, समितियां और आयोग बनाईं हैं जिनके रिपोर्ट भी आए और नीतियां भी लागू हुई लेकिन नतीजा सिफर रहा। प्राथमिक शिक्षा के बदहाली का असर यह हो रहा है कि हमारी उच्च शिक्षा भी बेहतर परिणाम नहीं दे पा रही है।

देश में 'सर्व शिक्षा अभियान' के नारे की वास्तविकता संसद के बीते सत्र में पेश शिक्षा मंत्रालय के उस रिपोर्ट से लगाया जा सकता है जिसके मुताबिक पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में कुल 17, 141 स्कूल बंद हुए हैं यानी हर दिन नौ से ज्यादा। सरकार ने देश में 22 जनवरी 2015 को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ' नारा अमल में लाया। इस सरकारी नारे की हकीकत यह कि हर दो बालिका में से केवल एक ही बालिका उच्चतर माध्यमिक यानि कक्षा 9 से 12 में दाखिला ले रही है। इधर स्कूलों में ड्रॉप - आउट रेट भी बढ़ा है। आंकड़ों के मुताबिक 2021-22 में जहां स्कूली विद्यार्थियों की संख्या 25.57 करोड़ थी वहीं 2025- 26 में यह यह संख्या 24.72 करोड़ हो गई यानी हर साल 17 लाख बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया। समाज के कमजोर तबके के एससी और एसटी विद्यार्थियों के कक्षा 9-12 में दाखिला लक्ष्य प्रतिशत से कम रहा जो सामाजिक न्याय के दृष्टिगत चिंतनीय मसला है।

बिलाशक स्कूली बच्चों के ड्रॉप- आउट जैसे समस्या के लिए सामाजिक और आर्थिक स्थितियां जिम्मेदार है। लैंगिक समानता के तमाम कानूनों और नारों के बावजूद आज भी कुछ समाजों में महिलाओं के आत्मनिर्भरता के प्रति दकियानूसी सोच विद्यमान है जिसके चलते बालिकाओं की शिक्षा बाधित हो रही है। दूसरी ओर कमजोर आर्थिक हालात और गरीबी की वजह से कुछ बच्चों को कांधे पर स्कूली बस्तों के बोझ की जगह आजीविका का बोझ उठाना पड़ रहा है। स्कूली शिक्षा के केन्द्र में शिक्षक होता है लेकिन संसद के संसदीय समिति की रिपोर्ट पर गौर करें तो देश के सरकारी स्कूलों में 10 लाख शिक्षकों के पद रिक्त हैं। स्कूलों जो शिक्षक हैं भी तो वे शिक्षण कार्य से इतर चुनाव संबंधी कार्यों, विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों और सरकारी योजनाओं के काम से घर-घर दस्तक देते देखे जा सकते हैं। इन परिस्थितियों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

बहरहाल देश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना हर सरकार की संवैधानिक जवाबदेही है लेकिन एक बड़ी आबादी आज भी इससे दूर है। बिलाशक इसके लिए सरकार और समाज दोनों जवाबदेह हैं। राजनीति समाज का ही हिस्सा है लेकिन ऐनकेन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के हनक के चलते मुफ्त चुनावी रेवड़ियां बांटने वाले राजनीतिक दलों के लिए शिक्षा कभी भी राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं रहा। सरकारी शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में सबसे बड़ा रोड़ा सरकारों की इस क्षेत्र में कम धन आबंटन भी है। पिछले 12 वर्षों के दौरान कुल बजट में शिक्षा मंत्रालय का हिस्सा 4.6 फीसदी से घटकर 2.5 रह गया। अलबत्ता शिक्षा में कम बजट आबंटन का ठीकरा सिर्फ केंद्र सरकार पर ही फोड़ना उचित नहीं है बल्कि राज्य सरकारों ने भी इस दिशा में लगातार यही रवैया अपनाया है जबकि शिक्षा व्यवस्था राज्य का भी विषय है।

देश के तमाम शिक्षाविदों और शिक्षा में सुधार के लिए गठित विभिन्न समितियों और आयोगों ने देश की आबादी और सरकारी शिक्षा के वर्तमान स्तर के मद्देनजर शिक्षा क्षेत्र के लिए कुल बजट का छह फीसदी आबंटन का सुझाव दशकों से दिया जा रहा है बावजूद नतीजा सिफर है। बहरहाल शिक्षा ही किसी राष्ट्र और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का बुनियाद होता है लिहाजा अब सरकारों को सरकारी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में ईमानदार प्रयास करना होगा। भारत जैसे विकासशील देश में अब शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव की जरूरत है जिसमें शिक्षकों की जवाबदेही के साथ ही स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। सरकारों को अब तमाम पूर्वाग्रह को त्यागकर भविष्य के संभावनाओं के लिहाज से पाठ्यक्रम तैयार करना होगा और। सरकारी स्कूलों में अब डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

गलतफहमी मनुष्य की बुद्धि पर डाल देती है पर्दा



संकलित
दर्शन

विद्वानों के मतानुसार गलतफहमी मनुष्य की बुद्धि पर पर्दा डाल देती है, उसकी आंखों पर पट्टी बांध देती है और उसकी वृत्ति को ही बदल देती है। वो मनुष्य के नैतिक मूल्यों को एक मिनट में वैसे ही जला देती है जैसे कि आग की चिंगारी सूखी घास को दो मिनट में भस्मीभूत कर देती है। किसी ने सही कहा है कि 'गलतफहमी का एक पल इतना जहरीला होता है, जो प्यार भरे सौ लम्हों को भी वह एक क्षण में भुला देता है।' आज समस्त विश्व में जो झगड़े, अनबन, मन मुटाव, तनाव, संबंधों में कटुता तथा स्नेह और सहयोग में अभाव दिखाई देता है, उसका एक कारण व्यक्तियों, संगठनों, संप्रदायों, दलों या देशों में परस्पर गलतफहमी ही तो है। गलतफहमी से जब पारस्परिक संबंध बिगड़ जाते हैं तो बात फिर बिगड़ती ही चली जाती हैऔर इसीलिए ही अगर समझदारी पूर्वक गलतफहमी को दूर न किया जाए, तो यह उस अमर बेल की तरह है जो वृक्ष पर बढ़ती ही चली जाती है और वृक्ष की सारी शक्ति को हड़प लेती है। यह वो बला है जो न केवल मनुष्य की मानसिक शक्ति, शांति और खुशी को हड़प लेती है अपितु वह उसे इस कद्र थका देती है कि उसे अपने किसी कार्य से इतनी थकावट नहीं होती जितनी कि परस्पर गलतफहमी से होने वाले परिणामों के कारण बने हुए वातावरण से होती है। अतः गलतफहमी को दूर करना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके बने रहने से कई लोगों में बीमारियां पैदा हो जाती हैं और उनके लिए जीना भी कठिन हो जाता है।

अच्छे काम से परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत



संकलित
प्रेरणा

जब आपके हाथों कोई अच्छा काम हो जाए, तो खुद को याद दिलाएं कि यह परमात्मा ही है, जिसने आपको ऐसी परिस्थिति में रखा, जहां आपको अच्छा काम करने का अवसर मिला। कहा गया है 'दाता को आभारी होना चाहिए' जब कोई कुछ देता है और उसे स्वीकार कर लिया जाता है, तो देने वाले को आभारी होना चाहिए। अच्छे काम से परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत है। विचार यह होना चाहिए कि मुझे दाता की भूमिका दी गई है, यह अपने आप में एक महान आशीर्वाद है। बुरे कामों का पछतावा तो स्वाभाविक है, लेकिन कई बार आपके अच्छे कर्म भी आपको दुखी कर सकते हैं। अच्छे कर्म स्वतः ही आपका उद्धार नहीं कर देते। आपकी नीयत, लगाव, अपेक्षाएं, अहंकार और कर्म करते समय आपके मन की स्थिति ही यह तय करती है कि वह कर्म आपके लिए सुख लाएगा या दुख। जब आप दान-पुण्य करते हैं, तब कई बार आपको लग सकता है कि आपके अच्छे कामों पर किसी का ध्यान ही नहीं गया। मैंने इतने बेहतरीन काम किए, लेकिन किसी ने उनकी सराहना नहीं की। उनके लिए कोई प्रशंसा नहीं मिली। यह एक आम शिकायत है। अपने अच्छे कामों के लिए पहचान और सराहना पाने की यही चाहत अकसर दुख का कारण बनती है। अच्छे काम से परिणाम की अपेक्षा ही दुख का स्रोत- नारद भक्ति सूत्र में देवर्षि नारद न केवल कर्मों की भागदौड़ से, बल्कि उन कर्मों के फल की अपेक्षा से भी विराम लेने की सलाह देते हैं।

नवाचार
बलकार सिंह पूनियां



सारथी से स्वामी : भारत टैक्सी की सहकारी क्रांति

भारत के तेजी से बदलते शहरी परिदृश्य में परिवहन अब केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का साधन नहीं रह गया है। यह रोजगार, आजीविका, आर्थिक अवसर, सामाजिक समावेशन और जीवन की गुणवत्ता से सीधे जुड़ा हुआ क्षेत्र बन चुका है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार, भारत टैक्सी की स्थापना 6 जून 2025 को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आठ राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्थाओं के सहयोग से हुई। भारत टैक्सी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसका सहकारी स्वामित्व मॉडल है। सामान्य प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में ड्राइवर प्रायः सेवा देने वाला व्यक्ति होता है, जबकि प्लेटफॉर्म का स्वामित्व और निर्णय लेने की शक्ति अलग संस्था के पास रहती है। भारत टैक्सी इस संबंध को बदलने का प्रयास करती है। यहां ड्राइवर को केवल चालक नहीं, बल्कि 'सारथी' और सदस्य-मालिक के रूप में देखने की अवधारणा सामने आती है। जो व्यक्ति अपने श्रम, समय और सेवा से प्लेटफॉर्म का मूल्य तैयार करता है, उसे उसके स्वामित्व और निर्णय-प्रक्रिया में भागीदारी मिलनी चाहिए-यही इस मॉडल की मूल भावना है। शेयर पूंजी के माध्यम से सारथियों को सदस्य बनने और शासन में भाग लेने का अवसर तथा निदेशक मंडल में उनका प्रतिनिधित्व इस व्यवस्था को सहभागी स्वरूप प्रदान करता है। यही वह बिंदु है, जहां भारत टैक्सी केवल परिवहन सेवा नहीं रह जाती, बल्कि आर्थिक लोकतंत्र के प्रयोगके रूप में दिखाई देती है। 'सारथी ही स्वामी' की सोच श्रम को केवल आय अर्जित करने का माध्यम न मानकर उसे स्वामित्व से जोड़ती है। यदि प्लेटफॉर्म की सफलता में चालक की भूमिका केंद्रीय है तो उसके आर्थिक लाभ और निर्णय प्रक्रिया में उसकी हिस्सेदारी भी महत्वपूर्ण होनी चाहिए। सहकारिता का यही दर्शन भारत टैक्सी को पारंपरिक डिजिटल प्लेटफॉर्म मॉडल से अलग पहचान देता है। इस मॉडल का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष शून्य-कमीशन और सर्ज-फ्री किराया है। भारत टैक्सी पारदर्शी किराया व्यवस्था पर जोर देती है और मांग बढ़ने के समय अचानक किराया बढ़ाने की व्यवस्था से अलग मॉडल प्रस्तुत करती है। इसका उद्देश्य यात्रियों के लिए किराये में पारदर्शिता और सारथियों के लिए आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना है। यदि तकनीकी प्लेटफॉर्म से पैदा होने वाले आर्थिक मूल्य का बड़ा हिस्सा सेवा प्रदाताओं तक पहुंचता है, तो यह डिजिटल अर्थव्यवस्था में अधिक न्यायसंगत भागीदारी की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयोग बन सकता है। भारत टैक्सी का महत्व केवल ड्राइवरों की आर्थिक स्थिति तक सीमित नहीं है। यहसमावेशी शहरी गतिशीलता की दिशा में भी संभावनाएं पैदा करता है। बाइक टैक्सी, ऑटो रिक्शा, इकोनॉमी कैब, प्रीमियम सेडान, एक्सएल कैब, किराया, आउट-स्टेशन और अनुसूचित सवारी जैसी सेवाएं अलग-अलग वर्गों और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करती हैं। पारदर्शी किराया व्यवस्था यात्रियों को यात्रा से पहले संभावित खर्च समझने में सहायता करती है। 'सारथी दीदी' के माध्यम से महिला यात्रियों को महिला ड्राइवर चुनने का विकल्प तथा 'बाइक दीदी' के माध्यम से महिलाओं की परिवहन क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया गया है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार, फरवरी 2026 तक 150 से अधिक महिला ड्राइवर इस पहल से जुड़ चुकी थीं। यह केवल सुरक्षित यात्रा का प्रश्न नहीं है; यह महिलाओं को आर्थिक अवसर और आजीविका से जोड़ने का प्रयास भी है। किसी भी डिजिटल परिवहन सेवा की सफलता के लिए सुरक्षा और विश्वसनीयता अत्यंत आवश्यक हैं। वास्तव में, विकसित भारत 2047 का निर्माण केवल बड़े आर्थिक आंकड़ों से नहीं होगा। इसके लिए ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता होगी, जिसमें तकनीक अवसर पैदा करे, श्रमिक स्वामित्व और सम्मान प्राप्त करें, महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी करें और सामाजिक सुरक्षा विकास का अभिन्न हिस्सा बने। भारत टैक्सी इसी व्यापक सोच में 'सहकार से समृद्धि' को शहरी परिवहन के क्षेत्र में व्यवहार में उतारने का एक महत्वपूर्ण प्रयोग बन सकती है। अंततः, भारत टैक्सी को केवल एक नई कैब सेवा के रूप में देखना इसके व्यापक महत्व को सीमित करना होगा। यह तकनीक, सहकारिता, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और समावेशी विकासको एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है। यदि 'सारथी से स्वामी' की अवधारणा व्यवहार में मजबूत होती है और सहकारी स्वामित्व तथा डिजिटल नवाचार के बीच संतुलन कायम रहता है, तो भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था के लिए एक अधिक सहभागी और जन-केंद्रित विकल्प प्रस्तुत कर सकती है।

(लेखक इग्नू, नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अंतर्मन



आज की पाती

देवस्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित न करे

सरकार हमारे देवस्थलों को पर्यटन के नाम पर विकसित करने के बजाय, केवल पर्यटन स्थलों को इस तर्ज पर विकसित करे। देवस्थलों व लोगों की आस्था से जुड़ी इन जगहों से छेड़छाड़ नहीं की जाए। ये स्थान लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, जो लाखों सालों से हम सबकी रक्षा करते आए हैं। हमारे देवस्थान कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं, बल्कि लोग यहां अपने व अपने स्वजनों की कुशलता के लिए और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना करने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने के लिए हमें सड़के नहीं चाहिए, होमस्टे नहीं चाहिए, होटल नहीं चाहिए, रोपवे नहीं चाहिए, पर्यटक नहीं चाहिए, बल्कि शांति चाहिए, श्रद्धालु चाहिए, आस्था चाहिए और देवी-देवताओं की कृपा चाहिए।

- विकास कुमार यादव, रायपुर

करंट अफेयर


अमेरिका पहले रवैया सुधारे मुनीर को ईरान की दो-टूक



ईरान ने मध्यस्थ पाकिस्तान के सामने अमेरिका के रवैये पर सवाल उठाए हैं। तेहरान में पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर से मुलाकात में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि अमेरिका का तरीका चीजों को सुलझाने का नहीं है। अगर अमेरिका चाहता है कि युद्ध खत्म हो और चीजें बेहतरी की तरफ जाएं तो उसे ईरान के प्रति अपना नजरिया बदलना होगा। मसूद ने मुनीर से साफ कहा कि अमेरिका की दादागिरी से ईरान झुकने वाला नहीं है। दूसरी ओर अमेरिकी रक्षा मंत्री ने नए आर्थिक प्रतिबंधों के साथ-साथ ईरान पर सैन्य हमले का विकल्प खुला होने की बात कही है। पेजेशकियान ने सोमवार को तेहरान में मुनीर के साथ बैठक के दौरान ये बातें कहीं हैं। मुनीर ऐसे समय में ईरानी अधिकारियों से बातचीत के लिए ईरान पहुंचे हैं, जब अमेरिका के नए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका आर्थिक हमलों से ईरान को झुकाने की बात कह रहा है। वहीं ईरान का कहना है कि वह अपनी शर्तों से पीछे हटने वाला नहीं है। अमेरिका को ईरान के साथ बातचीत में अपना लहजा और नजरिया सुधारना होगा। मसूद पेजेशकियान ने कहा कि अमेरिका की ओर से ईरान को झुकाने की कोशिश हो रही है और धमकियां दी जा रही हैं।

ऑफ बीट

जम्मू कश्मीर की एक और पवित्र यात्रा मचैल माता मंदिर की



जम्मू-कश्मीर में इस समय पवित्र अमरनाथ यात्रा चल रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि यहां की एक और यात्रा भी बेहद लोकप्रिय मानी जाती है, जिसका नाम है मचैल माता यात्रा। कहते हैं 32 किलोमीटर की ये पैदल यात्रा भक्तों को ऐसा दिव्य अनुभव कराती है, जिसे श्रद्धालु जीवन भर नहीं भूल पाते। मान्यता है जो कोई भी मचैल माता के दर्शन करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। मचैल माता का मंदिर जम्मू के किश्तवाड़ जिले में स्थित है। ये मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है। इस मंदिर का नाम मचैल गांव से ही पड़ा है, इसी कारण से लोग इसे मचैल माता मंदिर कहकर पुकारते हैं। ये मंदिर गर्मियों में खुला रहता है, लेकिन अत्यधिक बर्फबारी के समय विशेष रूप से दिसंबर, जनवरी और फरवरी में बंद कर दिया जाता है। सावन महीने में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, क्योंकि इस दौरान मचैल माता की छड़ी यात्रा का आयोजन किया जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार एक बार एक गड़रिया अपनी भेड़ों को चराने के लिए इस स्थान पर आया था। तभी उसे एक गुफा से तेज प्रकाश आता दिखाई दिया। कहते हैं जब वह अंदर गया तो उसे वहां मां का दिव्य रूप दिखाई दिया। इसके बाद ये बात धीरे-धीरे पूरे गांव में फैल गई।

ट्रेंड

सच्ची खुशी



सच्ची खुशी करुणा, आत्म-सम्मान और संतोष से मिलती है। इसी भावना से समाज में सहयोग और सद्भाव का बंधन और भी मजबूत होता है। करुणा से आत्म-सम्मान मिलता है और संतोष से इच्छाशक्ति जागती है।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

यूपीआई के दस साल



यूपीआई के दस साल बड़े बदलाव का दशक रहे है। डिजिटल पेमेंट की सफलता की कहानी बनने तक, यूपीआई ने हर भारतीय के लिए लेन-देन को तेज, आसान, सुरक्षित और सुलभ बना दिया है। यह डिजिटल इंडिया की ताकत है सशक्तिकरण, समावेश और जीवन को आसान बनाने के लिए तकनीक।

- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

साफ़ पानी की सप्लाई



केंद्र सरकार की मदद से, दिल्ली सरकार दिल्ली के हर घर में बिना रुकावट और साफ़पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए लगातार नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। दिल्ली जल बोर्ड को एडीबी से 2,500 करोड़ की फंडिंग मिल रही है।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

परीक्षा प्रणाली



राहुल गांधी और हेमंत सोरेन के बीच बातचीत के बाद, सरकार ने 17 अगस्त को घोषणा की थी कि परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए एक समिति बनाई जाएगी। आज 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन उस समिति के लिए नोटिफिकेशन का कोई अता-पता नहीं है!

- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

GALGOTIAS UNIVERSITY

LAUNCHING

Industry Integrated Degree

BTech CSE

With specialisation in AI & ML

In collaboration with Microsoft | Powered by byteXL



GALGOTIAS UNIVERSITY



Developing Future-Ready AI Skills with Industry-Integrated Learning

A next-generation BTech program designed to equip students with expertise in Generative AI, Machine Learning, Cloud AI and Intelligent Applications through an industry-aligned curriculum, immersive hands-on learning and Microsoft technologies.

What Does this Program Offer?

Next-Gen AI Technologies | **Microsoft** Certifications | **Career Launch** Support | High-Demand **AI Roles** | Emerging **AI Domains** | Industry **Research**

Industry-Collaborated Research

Deep Learning | Natural Language Processing (NLP) | Reinforcement Learning
Computer Vision Speech | Speech Recognition | Robotics

Exclusive Microsoft Azure Certifications

Azure Fundamentals (AZ-900) | Azure AI Fundamentals (AI-901) | Azure Data Fundamentals (DP-900) | Azure AI App and Agent Developer (AI-103)
Azure MLOps Engineer (AI-300) | Azure AI Cloud Developer (AI-200) | Azure SQL AI Developer Associate (DP-800)

Placement Assistance from byteXL

For Admissions Scan to Apply

#16 AMONGST TOP PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA

Ranked **3rd** amongst Private Universities in Uttar Pradesh

Ranked **46th** amongst Top Private and Government Universities in India

Scan to Explore the World of Galgotias

GLOBALLY RANKED FOR 3 CONSECUTIVE YEARS

Galgotias Admissions Helpline No.: **9810162221, 9717300418, 9582847072** 97173 00343 | 0120-4370000

NAAC GRADE A+ | **Web:** www.galgotiasuniversity.edu.in | **Email:** admission@galgotiasuniversity.edu.in


GALGOTIAS UNIVERSITY

#GetYourSelfPlaced

ऐतिहासिक

किशोर कुमार अग्रवाल

छत्तीसगढ़ में राजनीतिक चेतना का आरम्भ



18 57 की क्रांति भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटना थी। उत्तर भारत के साथ इस क्रांति में छत्तीसगढ़ का भी योगदान रहा। इस समय रायपुर में ब्रिटिश सेना की तीसरी नेटिव इनफेटरी का मुख्यालय था तथा कुछ सेना बिलासपुर जिले के अरपा नामक स्थान पर थी। सन 1857 में मेरठ सिपाही विद्रोह के समाचार यहां बराबर पहुंच रहे थे, जिससे यहां तैनात भारतीय सिपाहियों में असंतोष इतना अधिक बढ़ गया था कि रायपुर के डिप्टी कमिश्नर ने नागपुर के कमिश्नर से इसे रोकने के लिए अतिरिक्त सेना की मांग की। सूचना मिलते ही कमिश्नर ने तत्काल सेना भेज दिए जिससे यहां उत्पन्न विद्रोह के खतरे का मुकाबला किया जा सके।

वस्तुतः छत्तीसगढ़ उस समय विद्रोह के लिए उपयुक्त स्थान था। यदि विद्रोह की रुपरेखा तैयार की गई होती तो भंडारा तथा चांदा से लेकर ओडिशा एवं तक का क्षेत्र इसकी चपेट में आ सकता था। इस प्रकार की आशंका स्वयं नागपुर के कमिश्नर ने 23 जनवरी 1858 की मेजर जनरल व्हीतलांक को लिखे अपने पत्र में व्यक्त की थी। 13 अक्टूबर 1857 को ही गुरुर सिंह तथा रणमत सिंह के नेतृत्व में विद्रोहियों का एक दल संबलपुर से सोगाहपुर पहुंच गया था। इनका उद्देश्य निश्चित ही संबलपुर के विद्रोह को छत्तीसगढ़ क्षेत्र में फैलाना था। यह भी कहा जा सकता है इस क्षेत्र कि अधिकांश जमींदारों की सहानुभूति इस विद्रोहियों के साथ थी। रायपुर के तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर ने तत्काल कार्यवाही कर इन विद्रोहियों को सोहागपुर के निकट जा दबोचा। यद्यपि 17 विद्रोही गिरफ्तार हुए, परन्तु वे ब्रिटिश नियंत्रण से भाग गए।



शिल्पकला

नर्मदा प्रसाद ताम्रकार

बर्तनों पर धमधा की कलाकृति विलुप्त होने के कगार पर



छत्तीसगढ़ का धमधा दुर्ग जिला मुख्यालय से 35कि मी दुर्ग बेमेतरा मार्ग पर स्थित है। कभी धमधा गढ़ हुआ करता था। छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन समूचे भारत धमधा के कारीगरों द्वारा बनाई गई धातु की मूर्तियां एवं कांसे से बने कलात्मक पात्र प्रसिद्धि पाते थे। कांसे ताम्बे और पीतल के बर्तन एवं मूर्तियां बनाने का काम यहां ताम्रकार परिवार के लोग ही करते थे। ताम्रकारों की संख्या यहां डेढ़ हजार से अधिक है लेकिन अब कारीगरों की संख्या डेढ़ सौ तक सिमट गई है। मूलतः इनके पूर्वज हैहहवंशी नरेशो के शासन काल में सिक्कों की ढलाई का काम करते थे। सम्भवतः ताम्र धातु को आकार देने के कार्य से ही ताम्रकार उपनाम इस वर्ग विशेष के साथ जुड़ गया होगा। इनकी कलाकृति की प्रसिद्धि का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अन्य प्रांतों में भी ' धमधा ' नमूना के रूप में बर्तनों की पहचान होने लगी। यहां के कलाकारों को पहचान और पुरस्कार भी मिले, लेकिन कच्चा माल और सम्बंधित वस्तुएं महंगी होने के कारण यह काम लगभग अपना अस्तित्व और पहचान खोता जा रहा है।

लोक साहित्य

डा. राजेश टंडन

प. सुन्दर लाल शर्मा के साहित्य में काव्य कला

छत्तीसगढ़ के साहित्य के इतिहास में 'छत्तीसगढ़ी दानलीला ' का प्रकाशन महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह श्रृंगार रस से ओतप्रोत काव्य है। इसमें नव सीख वर्णन और श्रृंगार वर्णन की छटा बिखरती है। मंगलाचरण के रूप में प्रस्तुत आरंभिक पंक्तियां दृष्टव्य है -

जगदिश्वर के पांव म अपन मुड़ नवाय।
सिरी कृष्ण भगवान के कहीहौ चरित सुनाय।
जे दिन ले नन्दलाल ल ठाड़े देखेव खोर।
काही नई सुहावै गोई किरिया तोर।



छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के अनुरूप कवि ने श्रृंगार वर्णन और नव शिख वर्णन में विभिन्न अलंकार प्रसाधनों से अलंकृत नरियों का वर्णन किया है -

काजर आजे अलगा डारे।
मूड कोरे पाटी मारे।
पांव रचाए बीरा खाए।
तरुआ मे टिकरी चटकाये।
बेनी मे फूंदरी लटकाये।
टीका बेंदी अलखन बाटे।

करधन, गोदना आदि से श्रृंगार करने का प्रचलन छत्तीसगढ़ की खास विशेषता है। सुन्दरलाल शर्मा इन विशिष्टताओं को पाठकों के समक्ष प्रभावोतपादक रूप में प्रस्तुत करते हैं -

करधन कमर पट्टा पहिर रेंगत हाथी।
जेमा ओरमत जात हे हीरा मोती।
चांदी के सुता झमकाये।
गोदना हाथ हाथ गोदवाये।
दुलटी तिलटी कटवा मोहे।
ओ कदमाही सुर्रा सोहे।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

धार्मिक

डा. राघवेंद्र राज

सावन में शिवमय हो जाता है हमारा अंचल

प्रकृति की गोद में बसा छत्तीसगढ़ भक्तिमय भाव की पवित्रभूमि रही है। श्रावण मास एक ओर लौकिक संसार वासियों को रिश्तों की अटूट बंधन (राखी) प्रेम की डोर में बांधता है तो दूसरी ओर यही श्रावण मास संसार वासियों को कांवड़ यात्रा के माध्यम से भक्तिमय शिवाश्रयी भी बना देता है। अंचल में कलचुरीकालीन एवं नागवंशीय कालीन शिव मंदिर की बहुतायत भगवान शिव के प्रति आस्था का जीवंत उदाहरण है। भोरमदेव, कवर्धा, राजिम, देव बलौदा, गरियाबंद, धमतरी, जगदलपुर, कांकेर जैसे अनेक स्थानों में आज भी प्राचीन कालीन शिव मंदिर विद्यमान हैं।तब कवियों की हृदयभूमि कह उठती है-

एक वो सावन है जो धरती पर
साल में एक बार बरसता है। एक वो सावन है जो बेमौसम
आंखों से कई बार बरसता है।
यूं तो दुनिया में है बहुत शरमाएदार मगर...
उस प्रेमसावन को पाने हर दिल तरसता है।

छत्तीसगढ़ की उर्वरभूमि में बरसता सावन भक्तों को श्रद्धा और भक्ति की यात्रा के लिए सद्प्रेरित करता है तो वह यात्रा कांवड़ यात्रा ही होती है।कांवड़ अर्थात बांस की ऐसी काठी या डंडा जिसके दोनों सिरों पर




जलपात्र (कलश)बंधे होते हैं।शिव भक्त जब हाथों में धर्मध्वज लिए और कंधों पर कांवड़ रखकर पैदल यात्रा करते हैं तो वह यात्रा भक्ति और कठोर तप की यात्रा होती है। भक्तगण हरिद्वार, गौमुख या गंगोत्री जैसे तीर्थस्थलों से पवित्र गंगा जल लेकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।तो यह यात्रा कांवड़ यात्रा की संज्ञा प्राप्त करती है। जब नंगे पांव चलते शिवभक्त बोल-बम के जयघोष करते हैं तो समग्र वातावरण गुंजायमान हो उठता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार-1. भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी ने भी कांवड़ में गंगाजल लाकर शिव जी का जलाभिषेक कर शिवाराधना की थी।2.समुद्र मंथन के समय शिवजी द्वारा हलाहल पान करने के उपरांत उनके शारीरिक तपन को शांत करने के लिए देवताओं ने गंगाजल से उसका अभिषेक किया था।3.लंकाधीश रावण ने कांवड़ से गंगाजल लाकर शिवलिंग पर जलार्पण किया था।4.श्रवण कुमार ने अंधे माता -पिता को कांवड़ में बिठाकर तीर्थयात्रा कराई थी।यह मातृ - पितृ सेवा और तीर्थ यात्रा ही पवित्र कांवड़ यात्रा थी। कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं अपितु भारतीय जनमानस को भूत भावन भोलेनाथ से जोड़ने की सनातनी जीवंत परम्परा है।जो भक्तों को श्रावण मास में त्याग, तपस्या और समर्पण की यात्रा कराता है।वह पवित्र कांवड़ यात्रा ही है।तभी तो भक्तगण गा उठते हैं।-

'चलो चलें भक्त कांवड़िया।
भोले बाबा की नगरिया।
देखो -देखो खाली न रह जाए
बावरो दिल की गगरिया।

पर्यटनः कमलेश यादव

नागलसर में भी अब प्रकृति का आनंद



छत्तीसगढ़ का बस्तर अंचल अपनी अनुपम प्राकृतिक धरोहर के लिए देश-दुनिया में विशेष पहचान रखता है। हरे-भरे जंगल, कल-कल बहती नदियां और पहाड़ों की गोद में बसे गांव यहां की खूबसूरती को और भी निखार देते हैं। इसी कड़ी में जगदलपुर क्षेत्र भी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध रहा है, जहां हर मौसम में प्रकृति अपने अलग-अलग रंग बिखेरती नजर आती है। इसी क्षेत्र में स्थित घुड़मारास, जो जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर है, अपने आप में एक अलग महत्व और आकर्षण समेटे हुए है। इसी स्थल के पास बसा नागलसर अब पर्यटकों के लिए एक नए आकर्षण के रूप में उभर रहा है। यहां बांस से बनी नावों में सैर करने का अनुभव पर्यटकों को रोमांच और सुकून दोनों का एहसास कराता है। इको टुरिज्म की दिशा में इस स्थल का लगातार विकास किया जा रहा है, ताकि पर्यटक प्रकृति के करीब रहकर उसका भरपूर आनंद ले सकें। चारों ओर फैली हरियाली और शांत वातावरण यहां आने वाले हर व्यक्ति के मन को मोह लेता है। खास बात यह है कि नागलसर को विश्व पटल पर पहचान दिलाने की पहल भी शुरू हो चुकी है, जिससे आने वाले समय में यह स्थल पर्यटन के नक्शे पर और भी उभरकर सामने आएगा। सुविधाओं से लैस होने के कारण, खासकर बरसात के मौसम में यहां पर्यटकों की भीड़ में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है। निश्चित रूप से नागलसर बस्तर के पर्यटन नक्शे में एक नया और सुनहरा अध्याय जोड़ने की ओर अग्रसर है।

सुरता

आचार्य डा. महेशचंद्र शर्मा

शिक्षा के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहरो को आगे लाने में योगदान दिए -प. गंगाधर जी

कवि कुल गुरु कालिदास के रघुवंश महाकाव्य की शैली में राजगुरु प. गंगाधर जी मिश्र ने 1964 में कोसलानंदममहाकाव्य का प्रणयन किया। इसमें तत्कालीन दक्षिण कोसल को वर्तमान छत्तीसगढ़ के तत्कालीन राजाओं और उनकी दिग्विजयों का सुन्दर वर्णन है। परम पावनी महानदी की गोद में प्रभुपालित, माता कौशिल्या का जन्म स्थल कोसल प्रदेश ही वर्तमान छत्तीसगढ़ है। इस महाकाव्य से यह भी ज्ञात होता है कि इस प्रदेश के मनीषी जन पुराने समय से ही न केवल वन्य संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षक एवं अनुयायी हैं, अपितु उन्होंने सर्वसाहित्य संपन्न संस्कृत भाषा का गहन अध्ययन कर साहित्य संरचना भी की है। 1020 से 1741 तक कलचुरी काल में तो संस्कृत छत्तीसगढ़ की राजभाषा भी थी। यह महाकाव्य ग्रन्थ इस बात का भी प्रमाण है कि चौदहवीं शताब्दी से अठारहवीं शताब्दी के बीच का समय छत्तीसगढ़ में संस्कृत साहित्य के उत्थान का काल था। प. मिश्र सम्बलपुर नरेश महाराज बलियार सिंह देव के समसामयिक हैं। यह महाकाव्य कौशल देश नरेश प्रथम चौहान महाराज रामदेव को केंद्र में रखकर विरचित है।

चौहान वंशचरित के रूप में इस कृति के उस वंश के अन्य निपृतियों की लोकोत्तर शौर्य सम्पदा का भी प्रभायोत्पादक वर्णन किया है।

चिन्हारीः डा. नीलकंठ देवांगन

अब गांवों में भंदई पहने कोई दिखाई नहीं देते



गांवों में बरसात में पहले किसान और मजदूर अपने पैरों में भंदई पहना करते थे। महिलाएं अकतरिया पहना करती थीं। इससे कांटों, कंकड़ पत्थर और चोटों से पैरों की सुरक्षा हो जाती थी। चिखला (कीचड़) में और खेतों में काम करते समय वे अक्सर पहना करते थे। गांव का मोची मरे जानवर का खाल निकालकर लाता था। कहुआ पेड़ के बीज और छाल से पकाकर पुरुषों के लिए भंदई और महिलाओं के लिए अकतरिया बनाकर बेचा करता था । यह उनका पुस्तैनी धंधा था। ये पूर्णतः चमड़े से बने होते थे। इनमें रबर या प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल भी नहीं होता था 1 जिस किसान का गाय या बैल मरा होता, उसे भेंट में एक जोड़ी भंदई या अकतरिया दे देता था । कोई नाहना (चमड़े का रस्सी) मांगता तो दे देता ।



छत्तीसगढ़ी संस्कृति और वेशभूषा में भंदई ग्रामीण किसानों और मजदूरों का पैरों का खास पहनावा होता था। इसे मुख्य रूप से फिसलने से बचने और कीचड़ में आसानी से चलने के लिए पहना जाता था।यह आज के सैंडिल जैसा होता था, पर सैंडिल से अधिक मजबूत और टिकाऊ होता था।

यह न केवल बरसात में, बल्कि सर्दी और गर्मी में भी पहना जाता था । शौकीन लोग इसमें अण्डी का तेल लगाकर नरम कर और चमका कर पहनते थे । यह वर्षों पुरानी परंपरा थी। ये अब नंदा गए हैं । खेती किसानी के काम अब अधिकतर ट्रैक्टर आदि मशीनों से होने लगे हैं । किसान मजदूरों को पहले जैसे कीचड़ - पानी में नहीं चलना पड़ता । इसलिए भी चलन बंद हो गया है । अब तो न ही मोची भंदई अकतरिया बनाते और न ही लोग इसे पहनते। असली चमड़े से बने होने के कारण ज्यादा लागत होने से इसे कोई ग्रामीण खरीदते नहीं । इसकी तुलना में कंपनी में रेग्जीन प्लास्टिक से बने सैंडिल काफी सस्ते होते हैं। लेकिन भंदई अकतरिया का अपना खास स्थान था।

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा में 240 ई-बसों का होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की दिशा में तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत राज्य के चार नगर निगमों के लिए कुल 240 इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति मिली है। इन बसों के संचालन से शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की उम्मीद है। बैठक में महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष बस सेवा शुरू करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। इसी सिलसिले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निदेशक भानुप्रताप सिंह भदौरिया ने नगरीय प्रशासन एवं सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

ई-बसों से बदलेगी शहरों की पब्लिक ट्रांसपोर्ट की तस्वीर, रूट प्लान पर हुआ मंथन

जरूरत के हिसाब से तय करें ई-बस रूट

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-बसों के रूट शहरों की वास्तविक परिवहन जरूरतों और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएं। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, प्रमुख बाजार, महत्वपूर्ण सरकारी एवं सार्वजनिक संस्थानों सहित अधिक यात्री आवागमन वाले क्षेत्रों को ई-बस नेटवर्क से जोड़ने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने शॉर्ट-टर्म और लॉन्ग-टर्म रूट प्लान तैयार करने तथा चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक प्रस्तावित रूट का अध्ययन करने के निर्देश दिए। यात्री संख्या, संभावित मांग, दूरी और कनेक्टिविटी के आधार पर रूट की व्यवहारिकता का आकलन करने के बाद अंतिम निर्णय लेने पर जोर दिया गया।



डिपो और चार्जिंग व्यवस्था पर जोर

बैठक में अधिकारियों को ई-बस संचालन के लिए डिपो और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर समय पर तैयार करने के निर्देश दिए गए। प्रमुख सचिव ने कहा, डिपो का निर्माण भविष्य में ई-बसों की संख्या बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखकर पर्याप्त क्षमता के साथ किया जाए। भूमि, डिपो, चार्जिंग स्टेशन, रूट और संचालन से जुड़ी संभावित बाधाओं की पहले से पहचान कर उनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। चारों शहरों में उपलब्ध संसाधनों और जरूरतों का आकलन कर प्राथमिकताएं तय करने तथा योजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।

मॉनिटरिंग से होगी निगरानी

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निदेशक भानुप्रताप सिंह भदौरिया ने डिपो, चार्जिंग स्टेशन और अन्य आधारभूत सुविधाओं के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने सिविल वर्क और अन्य निर्माण कार्यों के लिए एनएचएआई, रेलवे तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक स्वीकृतियां एवं तकनीकी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-बस संचालन में आधुनिक तकनीक और डिजिटल सिस्टम के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया।

बेहतर कनेक्टिविटी के साथ प्रदूषण में कमी की उम्मीद: प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 240 बसों का संचालन शुरू होने के बाद रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा में सार्वजनिक परिवहन की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। इससे शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने के साथ ही स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

खबर संक्षेप

18.70 लाख का गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

महासमुंद। ट्रेन का इंतजार कर रहे तीन गांजा तस्करों को कोमाखान पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 37.400 किलो गांजा बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 18 लाख 70 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा के अलावा तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए। आरोपियों द्वारा इस गांजा को ओडिशा के भवानीपटना से गांजा लेकर राजस्थान के कोटा जा रहे थे। कोमाखान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्टेशन क्षेत्र में घेराबंदी की और संदिग्ध तीनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के सामान की तलाशी ली तो उसमें गांजा बरामद हुआ।

ट्रक की टक्कर से कार सवार छह लोग गंभीर

महासमुंद। शहर के रायपुर रोड निवासी एक परिवार एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जाने के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया। नेशनल हाईवे 353 पर ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक के पास सोमवार सुबह 9:30 बजे एक बेकाबू ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चौहान परिवार के 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें कि शहर के पुराना रावण भांठा निवासी गणेश सिंह चौहान अपने परिवार के साथ कार क्र. सीजी 04 एलजी 0568 में रिश्तेदार के यहां ग्राम गुखेरा में आयोजित तीजनहावन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

शिवनाथ नदी में डूबने से युवक की मौत :नांदघाट।

ग्राम कटाई निवासी 18 वर्षीय प्रेम कुमार वर्मा की शिवनाथ नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना 24 अगस्त की है। प्रेम कुमार वर्मा अपने साथियों देव कुमार वर्मा, नमन वर्मा, गीतेश्वर वर्मा और नरसिंह वर्मा के साथ मुंगवाय स्थित मंदिर में जल चढ़ाने गया था।

आवासीय परियोजना का मंत्री ओपी चौधरी ने किया भूमिपूजन

नवा रायपुर को देश की अग्रणी ग्रीनफील्ड सिटी के रूप में किया जाएगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने नवा रायपुर अटलनगर के सेक्टर-12 फेस-2 में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की 119.89 करोड़ रुपए की आवासीय परियोजना का भूमिपूजन किया। नवा रायपुर अटलनगर देश की प्रमुख ग्रीनफील्ड सिटी के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। परियोजना के अंतर्गत एचआईजी एवं एमआईजी श्रेणी के कुल 348 भवनों का निर्माण किया जाएगा। इसी सेक्टर में आगामी चरण में 704 नए फ्लैट का निर्माण भी शीघ्र किया जाएगा।

- सेक्टर-12 फेस-2 में 119.89 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण

मंत्री श्री चौधरी ने कहा, राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को नई दिशा देने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार किए हैं। उन्होंने कहा, एक समय कर्ज से जूझ रहे मंडल को लगभग 700 करोड़ रुपए का ऋण चुकाकर कर्जमुक्त किया गया। किसी परियोजना में 60 प्रतिशत बुकिंग होने अथवा प्रथम तीन माह में 30 प्रतिशत बुकिंग होने के बाद ही टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

हाउसिंग बोर्ड को नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास : अनुराग

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने मंडल की वर्तमान कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मंडल द्वारा मांग आधारित परियोजनाओं, बेहतर आवासीय सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में मंडल की गतिविधियों में तेजी आई है और नए प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाया गया है।



गुणवत्ता के नए मानदंड स्थापित करे हाउसिंग बोर्ड

मंत्री श्री चौधरी कहा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल को केवल आवास निर्माण तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि एक प्रोफेशनल ऑर्गेनाइजेशन के रूप में अपनी पहचान मजबूत करनी है। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को मजबूत करने और कॉलोनियों का समय पर हैंडओवर सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने सेक्टर-12 के रहवासियों से आरडब्ल्यूए का गठन कर कॉलोनी के रखरखाव में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

सेक्टर-12 फेस-2 में 348 भवन, 704 नए फ्लैट का भी होगा निर्माण

मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि सेक्टर-12 फेस-2 में शेष 29.20 एकड़ भूमि पर एचआईजी एवं एमआईजी श्रेणी के कुल 348 भवनों का निर्माण किया जाएगा। इन भवनों का बेस विक्रय मूल्य 45.70 लाख रुपए से 85.17 रुपए लाख तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवासों की बढ़ती मांग को देखते हुए सेक्टर-12 फेस-2 में ही आगामी चरण में 704 नए फ्लैट का निर्माण भी शीघ्र किया जाएगा। इनमें 128 एचआईजी, 320 एमआईजी एवं 256 एलआईजी श्रेणी के फ्लैट शामिल होंगे। इन आवासों का बेस विक्रय मूल्य 16.76 लाख रुपए से 40.47 लाख रुपए तक प्रस्तावित है।

नवा रायपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्र में तेजी से विस्तार

मंत्री श्री चौधरी ने कहा, नवा रायपुर अटल नगर देश की प्रमुख ग्रीनफील्ड सिटी के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। नवा रायपुर के लगभग एक-तिहाई हिस्से को रिक्रिएशनल क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है, जबकि 28 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में हरियाली है। उन्होंने नवा रायपुर में तेजी से विकसित हो रहे शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और अन्य क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां नीफ्ट, एनएफएसयू, नीलिट, आईआईएम, एचएनएनयू और ट्रिपलआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान मौजूद हैं। इसके अलावा नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, श्रीश्री रविशंकर का केंद्र, ब्रह्माकुमारी परिसर, एआई डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर यूनिट जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी नवा रायपुर के विकास को नई गति दे रही हैं।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
एर्राबोर (कोंटा), जिला सुकमा (छत्तीसगढ़)
(रा.आ. छा.शि.स. जनजातीय कार्य मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत संस्थान, भारत सरकार)

Eklavya Model Residential School
Errabor (Konta), Dist- Sukma (C.G.)
(NESTS An Autonomous Organisation under Ministry of Tribal Affairs, Govt. of India)

CBSE Affiliation No. 3320294, SCHOOL CODE-17319, UDISE CODE- 22213413127
Email: emrskonto2019@gmail.com, Website: www.emrserraborkonta.com

L.No./EMRS-Konta/Mess-07/2026-27/159 Dated: 25.08.2026

निविदा सूचना

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर (कोंटा), जिला सुकमा (छ.ग.) के संचालन हेतु शिक्षण सत्र 2026-27 हेतु निम्नदर्शित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित पंजीकृत फर्मों/आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने के अंतिम तिथि 10.09.2026 है।

क्र.	सामग्री का नाम
1	सब्जी सामग्री
2	फल सामग्री
3	मांसाहार सामग्री
4	बेकरी एवं स्वीट्स

उपरोक्तानुसार विस्तृत निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी, निविदा फार्म, नियम - इत्यादि विद्यालय की वेबसाइट www.emrserraborkonta.com अथवा कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर (कोटा), से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
एर्राबोर (कोंटा), जिला-सुकमा (छ.ग.)

S-48866/1

कार्यालय-प्राचार्य शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय नवाडीह चौक सीपत, सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)
पिन कोड - 495555 Website - https://gmlscollege.ac.in,
Email- gmlscseepat@gmail.com,
AISHE CODE C-22298

क्रमांक / 497 / स्था. / 2026 सीपत, दिनांक 21/08/2026

अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन

शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के प्राध्यापक (समाज शास्त्र), के रिक्त पद के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन दिनांक 31/08/2026 को सांय 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः- विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाईट https://gmlscollege.ac.in में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
शासकीय मदनलाल शुक्ल
स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीपत,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
पिन कोड - 495555

G-262702957/2

सोशल मीडिया पोस्ट मामले में समझौते के आधार पर निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

सोशल मीडिया पर राज्यपाल से संबंधित कथित आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने समझौते के आधार पर याचिका का निपटारा कर दिया। यह मामला याचिकाकर्ताओं प्रभव कलिता एवं लक्ष्यधर राजबोंगशी द्वारा फेसबुक पर एक कार्टून और कथित आपत्तिजनक टिप्पणी साझा करने से जुड़ा था। एफआईआर निरस्त कराने के लिए दायर याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने बिना शर्त माफी मांगने, आपत्तिजनक सामग्री को सोशल मीडिया से स्थायी रूप से हटाने तथा असम में दर्ज प्रतिशोधात्मक एफआईआर वापस लेने की इच्छा व्यक्त की। इसके बाद राज्य सरकार ने कुछ शर्तों के साथ समझौते पर सहमति जताई। इस पोस्ट को राज्यपाल की गरिमा को ठेस पहुंचाने तथा विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य फैलाने वाला बताते हुए रायपुर के सिविल लाइंस थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में आरोप पत्र भी न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका था। उच्च न्यायालय ने माना कि विवाद सोशल मीडिया पोस्ट के साझा और पुनः प्रकाशित किए जाने से संबंधित है तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत उपलब्ध शक्तियों का उपयोग करते हुए समझौते के आधार पर मामले का निस्तारण किया।



- राज्यपाल से संबंधित कथित आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने का मामला

बिना शर्त लिखित माफी पेश करें

उच्च न्यायालय ने राहत देते हुए याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे न्यायालय के समक्ष बिना शर्त लिखित माफी प्रस्तुत करें, अपने फेसबुक अकाउंट सहित सभी डिजिटल और सोशल मीडिया मंचों से आपत्तिजनक सामग्री स्थायी रूप से हटाएं, प्रमुखता से माफीनामा प्रकाशित करें, भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न करने का वचन दें तथा असम में दर्ज प्रति मामले को वापस लेने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं को दी गई राहत इन सभी शर्तों के पूर्ण अनुपालन पर ही प्रभावी रहेगी।

Chhattisgarh InfoTech Promotion Society (CHiPS)
2nd Floor SDC Building, Raipur, Chhattisgarh 492002
Phone: 0771-4014158 Fax: 0771-4066205 E-mail: ceochips@nic.in

TENDER NOTICE

System Tender No. 198304 RAIPUR, DATED 25/08/2026

Chhattisgarh Infotech Promotion Society (CHiPS) invites online proposal from eligible bidders for **"Request for Proposal (RFP) for Empanelment of Agencies for Impact Assessment, Awareness Dissemination, Monitoring, Evaluation and Feedback on Government Schemes and Projects"**. The Information cum Tender document can be downloaded from website https://eproc.cgstate.gov.in & https://chips.gov.in.

The CEO, CHiPS reserve the full right to change the terms & conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.

S-48863/1 CEO, CHiPS

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
बांसागार डिपो बांदे (पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डल अंतर्गत बांसागार डिपो बांदे संग्रहित बांसों का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन ई-नीलाम के माध्यम से तिथि 03.09.2026 समय प्रातः 9:00 बजे से किया जावेगा । तदानुसार इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें ।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें । घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमण्डल में प्राप्त की जा सकती है ।

-: नीलाम हेतु प्रस्तावित बांस :-

क्र.	वनमण्डल	बांसागार का नाम	बांसों का विवरण	नग/ बंडल	नो.टन
1	पश्चिम भानुप्रतापपुर	बांसागार बांदे	औद्योगिक बांस (पुराना लॉट)	18856	294.160
2			औद्योगिक बांस (नया लॉट)	18207	276.700
			योगः-	37063	570.860
1			व्यापारिक बांस (पुराना लॉट)	364110	1101.186
2			व्यापारिक बांस (नया लॉट)	55520	166.506
			योगः-	419630	1267.692
			महायोग :-	-	1838.552

दूरभाष क्रमांक— पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डल (07850-252367)

(1) क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व एम. एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस.टी.सी, ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग ईन करके देख सकते है ।
(4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर

G-262702975/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
156/194987	Material Supply Work, Under Sub Division No.-4, (Arang) Raipur	रू. 20.00 लाख
157/194988	White Washing, Colour Washing, Distempering & Painting Work at Panchsheel Nagar Section Under Maintenance Sub-Division Raipur (C.G.)	रू. 24.00 लाख
158/194989	उपसंभाग क्र.-1 के अंतर्गत उपखण्ड क्रमांक-1 में लघुमूल गौण कार्य एवं अन्य डिपॉजिट कार्य।	रू. 110.00 लाख
159/194990	उपसंभाग क्र.-1 के अंतर्गत उपखण्ड क्रमांक-1 में सिविल लाईन / शंकर नगर क्षेत्र में रंगाई पुताई कार्य।	रू. 25.00 लाख
160/198112	White Washing, Colour Washing, Distempering & Painting Work at Pensionbada Section Under Maintenance Sub-Division Raipur (C.G.)	रू. 25.00 लाख
161/198113	उपसंभाग क्र.-1 के अंतर्गत उपखण्ड क्रमांक-1 में गैर आवासीय / आवासीय में रंगाई पुताई कार्य।	रू. 25.00 लाख
162/198114	Renovation of Boys Hostel No. 01 at Science College Campus, Raipur	रू. 45.85 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.09.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मण्डल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-262702949/4

मोरखण्ड़ी जंगल में नक्सल डंप हथियारों समेत सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना छोटेबेठिया क्षेत्र के ग्राम मोरखण्ड़ी के घने जंगल-पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों ने सर्चिंग के दौरान नक्सल डम्प का पता लगाकर हथियारों सहित बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है। सुरक्षा बलों की सतर्कता और लगातार चल रहे संयुक्त सर्चिंग अभियान से नक्सल सामग्री के डंप होने से आम आदमी राहत महसूस कर रहा है।

- 4 भारमार बंदूक, 3 बैरल, वायरलेस सेट और नक्सल साहित्य समेत

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज बद्री नारायण मीणा, डीआईजी बीएसएफ भानुप्रतापपुर दीपक तिवारी, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा तथा 94 वीं वाहिनी बीएसएफ बांदे के 2आईसी एवं प्रभारी सेनानी सुभाष चंद्र के मार्गदर्शन में जिला बल, बीएसएफ और बीडीएस टीम द्वारा जिले के सीमावर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 अगस्त को सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मोरखण्ड़ी के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग पर निकली थी। अभियान के दौरान जवानों को जंगल में संदिग्ध डम्प होने की जानकारी मिली। इलाके की सावधानीपूर्वक तलाशी लेने पर वहां छिपाकर रखी गई सामग्री बरामद हुई। सुरक्षा बलों ने डम्प से चार भारमार बंदूक, तीन भारमार बंदूक बैरल, एक वायरलेस सेट, तीन बंडल बिजली वायर, एक जीपीएस, एक छोटा सोलर प्लेट, एक चार्जर और नक्सल साहित्य सहित अन्य सामग्री बरामद की। जंगल के दुर्गम इलाके में इस तरह सामग्री छिपाकर रखे जाने से सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की आशंका को गंभीरता से लिया है।



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/03/2026-27, पी०आर० (PR) स० PR. No. 388021 Simdega (2026-27)_D द्वारा प्रकाशित सूचना में निम्न रूप से आंशिक संशोधन किया जाता है:-

क्र० 5. ई० निविदा खोलने की तिथि एवं समय	–	दिनांक 26 .09.2026 पूर्वाहन 11:00 बजे के स्थान पर 28.09.2026 अपराहन 3:30 बजे पढ़ा जाय।

शेष कंडिकाएँ यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR 388377 Simdega(26-27)D

CHHATTISGARH STATE POWER TRANS. CO. LTD.
O/o Chief Engineer (Store & Purchase)
3rd floor, SLDC Building, Danganiya Raipur(C.G.)

No. CE(S&P)/NIT/TR-26/S&P/21/I/599913/2026 Raipur, dtd: 24.08.2026

E - PROCUREMENT TENDER NOTICE

Online tenders are invited for supply of following materials:

Tender No.	Particulars	Qty	Online tender Cost (Rs.) including GST	EMD (Rs.)	Due date of submission
TR-26/S&P/21 RFx No-8100053951	Touch screen digital multifunction meters	100 Nos.	5000/-	33,241/-	15/09/2026 (15:00 Hrs)

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site www.cspc.co.in.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (S&P)
CSPTCL : Raipur



हैवान के ट्रेलर में अक्षय ने डराया, संघर्ष करते दिखे सैफ

मुंबई। अक्षय कुमार और सैफ अली खान की अपकमिंग फिल्म 'हैवान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार खलनायक के किरदार में नजर आए हैं। अक्षय कुमार और सैफ अली खान 18 वर्षों के बाद एक-साथ अपकमिंग फिल्म 'हैवान' में नजर आने वाले हैं। दो मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शहर में एक अजीब तरह का खौफ है। कोई शख्स है जो लोगों का कत्ल कर रहा है। ट्रेलर में सैफ अली खान काफी हैरान और परेशान नजर आते हैं। इसके बाद पुलिस दिव्यांग बने सैफ अली खान को गिरफ्तार कर लेती है।

लाइफ Style

कृति

कल्चर दिल में है, नेकलाइन में नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृति सेनन अपने रक्षाबंधन ऐड के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही थीं। कुछ यूजर्स के साथ एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी उनके आउटफिट को लेकर टिप्पणी की थी। अब एक्ट्रेस ने इस ट्रोलिंग पर अपना जवाब दिया है।

एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि कल्चर उनके दिल में है, नेकलाइन में नहीं। इसके अलावा कृति ने भी कहा है कि दूसरे लोगों को ये बोलना बंद कर देना चाहिए कि एक औरत को क्या पहनना चाहिए और क्या नहीं। कृति सेनन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, 'त्योहारों का असली मजा आपके पहने हुए कपड़ों में नहीं, बल्कि ट्रेडिशन के लिए आपकी भावनाओं और उनके महत्व में होती है। रक्षाबंधन रक्षा का एक बंधन है। मैं और मेरी बहन एक-दूसरे को राखी बांधते आए हैं। हम जानते हैं कि हम एक-दूसरे की रक्षा ठीक वैसे ही कर सकते हैं जैसे कोई भाई करता। हम एक-दूसरे की हेल्थ, खुशी और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करते हैं। और हमारे लिए, यह प्रार्थना और वादा हमारे कुत्तों के लिए भी है! आखिर, वो भी तो परिवार का हिस्सा हैं। कृति ने आगे लिखा, 'हम कब महिलाओं को ये बताना बंद करेंगे कि उन्हें क्या पहनना चाहिए? एथनिक फैशन में समय के साथ बदलाव आया है,लेकिन आज भी किसी महिला के अपने कल्चर के प्रति सम्मान को उनके कपड़ों से आंका जाता है। कल्चर और ट्रेडिशन उनके दिल में है, कपड़ों के गले के डिज़ाइन में नहीं।'



हॉलीवुड मसाला




मीडो के लिए जान भी दे सकता हूं

लॉस एंजिल्स। अभिनेता विन डीजल हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान भावुक हो गए। वो यहां अपने को-एक्टर और भाई जैसे दोस्त रहे दिवंगत अभिनेता पॉल वॉकर की बात कर रहे थे। विन ने यहां पॉल की बेटी मीडो वॉकर के साथ अपने खास रिश्ते पर भी चर्चा की। उन्होंने मीडो वॉकर को ईश्वर का आशीर्वाद बताया। इसके साथ ही विन डीजल ने कहा कि वह मीडो के लिए अपनी जान भी दे सकते हैं। मीडो आज भी उनके परिवार से काफी जुड़ी हुई हैं।




एडी किंग जूनियर का निभाया था किरदार

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'द फाइव हार्टबीट्स' फेम अभिनेता माइकल राइट का 70 साल की उम्र में निधन हो गया। इस फिल्म में उन्होंने एडी किंग जूनियर का किरदार निभाया था। उनके निधन की खबर की पुष्टि उनकी पत्नी सुजैन राइट ने की। उन्होंने एक्टर के बारे में एक भावुक बयान जारी किया और लोगों से इस मुश्किल समय में परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करने की अपील की। माइकल राइट के निधन की खबर शेयर करते हुए उनकी पत्नी सुजैन राइट ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'बहुत दुख और दिल में भारीपन के साथ मैं अपने प्यारे पति माइकल राइट के निधन की खबर शेयर कर रही हूं।' उन्होंने आगे लिखा, 'माइकल एक पति, पिता, दादा, प्रियजन, दोस्त और एक असाधारण कलाकार थे, जिनके काम ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया।



गुमशुदा बच्ची को खोजने निकलीं तापसी

मुंबई। तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'गांधारी' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो अगले महीने रिलीज को तैयार है। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ है, जो काफी इमोशनल कर देने वाला है। 3 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। तापसी पन्नू एक मां की भूमिका में हैं, जो अपनी गुमशुदा बच्ची को खोजने निकली हैं। मगर, यह काम वे आंखों पर पट्टी बांधकर करती हैं। ट्रेलर की शुरुआत तापसी और एक बच्ची के साथ होती है। तापसी आंखों पर पट्टी बांधे छुपन-छिपाई खेल रही हैं। बैकग्राउंड में एक बेहद प्यारी इमोशनल कविता सुनाई देती है। अगले दृश्य में बिटिया मिष्टी के साथ तापसी ट्रेन से यात्रा करती हैं और इसी दौरान उनकी बच्ची का अपहरण हो जाता है। काफी तलाश के बाद भी बच्ची का पता नहीं चलता। मगर, मां का दिल हार नहीं मानता।



गनमास्टर जी-9: एक्शन अवतार में लौटे...

मुंबई। इमरान हाशमी की अगली फिल्म 'गनमास्टर जी 9' का टीजर मेकर्स ने मंगलवार को रिलीज कर दिया। फिल्म के टीजर से इमरान ने एक बार फिर अपने फैंस को चौंकाया है। 1 मिनट 22 सेकंड के इस टीजर में एक्टर इस बार रोमांटिक और एक्शन दोनों ही अंदाज में नजर आए हैं। टीजर में इमरान एक बार फिर धमाकेदार एक्शन करते नजर आए हैं। फिल्म में उनके साथ पहली बार जेनेलिया देशमुख अभिनय करती दिखेंगी। इमरान एक बार अपने इश्क के लिए दुनिया से लड़ते नजर आएंगे। टीजर में इमरान एक बार फिर हिमेश के म्यूजिक पर रोमांस करते दिख रहे हैं। टीजर में एक जगह हिमेश और इमरान के हिट गाने 'अफसाना बना के भूल ना जाना..' का रीक्रिएट वर्जन भी सुनाई देता है। यह गाना 2006 में रिलीज हुई इमरान की फिल्म 'दिल दिया है' का है।

टीवी मसाला



अमिताभ को सेट पर सुननी पड़ी थी फटकार- तुम्हें कुछ नहीं आता

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों शो कौन बनेगा करोड़पति में नजर आ रहे हैं। शो का 18वां सीजन चल रहा है और हाल ही के एपिसोड में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के गोल्ड मेडलिस्ट लवलीना बोर्गोहैन, झंडू कुमार, शर्मिला धंकर और अस्मिता डे शो में आए। इस दौरान इनसे बात करते हुए बिग बी ने बताया कि कैसे उन्हें फिल्मों के सेट पर डांट पड़ती थी। दरअसल, केबीसी 18 के स्पेशल एपिसोड में बिग बी, झंडू, लवलीना, शर्मिला और अस्मिता से बात करते हैं और इस दौरान अस्मिता ने बिग बी से पूछा कि क्या आपको कभी सेट पर डांट पड़ी है तो बिग बी बोले, 'हमको बड़ी डांट पड़ती थीं। शुरू में तो बहुत पड़ी थी कि तुमको कुछ आता नहीं है, तुम बहुत लंबे हो, घर जाओ।'बता दें कि वहीं दूसरे एपिसोड में एक कंटेस्टेंट ने बिग बी से पूछा था कि जब वह घर देर से जाते हैं तो क्या उन्हें पत्नी जया बच्चन की डांट सुनने को मिलती है तो इस पर बिग बी बोले, देखिए, हमें पता होता है कि क्या होने वाला है तो हम क्या करते हैं कि हम सुबह उठते ही सबसे पहले जो हमारे परिवार वाले हैं उनके साथ फैमिली ग्रुप में एक मैसेज डाल देते हैं कि नमस्कार, हाथ जोड़कर फिर लिखते हैं कि आज हमारी शूटिंग है इधर-उधर तो आज देर से आऊंगा तो खाने पर मेरा इंतजार ना करें। बस इस वजह से हम बच जाते हैं, लेकिन मान लीजिए कि आपने नहीं बताया तो तब पड़ेगी। बिग बी की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट फिल्म वेट्टैयन में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ रजनीकांत लीड रोल में थे। काफी साल बाद दोनों ने साथ में काम किया था। यह तेलुगु फिल्म थी। वहीं बॉलीवुड में वह लास्ट ऊंचाई में नजर आए थे जो साल 2022 में रिलीज हुई थी।

रिया या लव, बिग बॉस 20 में किसकी होगी एंट्री?

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही जल्द शो के प्रतियोगियों के नाम भी सामने आएंगे। इससे पहले शो के होस्ट सलमान खान ने दर्शकों के सामने रिया अहीर और लव गिल में से किसी को प्रतिभागी के रूप में चुनने का प्रस्ताव रखा है। रिया अहीर एक मुंबई बेस्ड मॉडल हैं। वह मुंबई विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में डिग्री हासिल कर रही हैं। बीते दिनों सीजेपी के मुंबई प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस वैन रोकने के बाद वह चर्चा में आई थीं। इसके अलावा वह एक अपना एक निजी हैंडलूम कपड़ों का 'रियासत' नाम का ब्रांड चलाती हैं। लव गिल का असली नाम लवप्रीत कौर है। वह पंजाब की पॉपुलर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इसके साथ वह मॉडलिंग भी करती हैं। लव कई संगीत वीडियो में भी नजर आ चुकी हैं। लव ने अपने करियर की शुरुआत करण औजला के साथ एक वीडियो से की थी। इसके बाद वह टीवी शो 'तू पतंग मैं डोर' और पंजाबी फिल्मों 'कुड़ियां जवान बापू परेशान' और 'शक्कर पारे' में अभिनय करती दिखाई दे चुकी हैं।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सेल्स/मार्केटिंग स्टाफ

आवश्यकता है- नई व निर्माणाधीन गेटेड सोसाइटीज/काम्प्लेक्स में डोर टू डोर मार्केटिंग के लिए यंग, स्मार्ट और होशियार लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क: 9300593000.(आरे-109)

टेक्निशियन

आवश्यकता है- कंपनी का नाम ऐशियन पूल्स पता पिथालिया कॉम्प्लेक्स रायपुर मो. नंबर 9669161666 पद का नाम MALE टेक्नीशियन योग्यता 5वीं से 12वीं अनुभव प्लंबर का अनुभव आवश्यक अन्य बाइक होना अनिवार्य समय 10 घंटा वेतन 12000 से 15000. (आरे-832)

इलेक्ट्रीशियन

आवश्यकता है- कंपनी हेतु आवश्यकता है DRIVE पैनल संबधित हेतु इलेक्ट्रीशियन की हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग कार्य आना चाहिए , श्री कालूका स्टील प्राइवेट लिमिटेड, हथखोज निरोस इस्पात कंपनी के पास भिलाई संपर्क करें:- 79740-79907 (आरे न.-4168)

पैकिंग/ऑपरेटर कार्य

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग एवं कंप्यूटर ऑपरेटर कार्य हेतु लड़को और लड़कियों की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (आरे-meeth)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222. (आरे-15)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरे-309)

कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर लड़कियों की आवश्यकता है NGO ग्रुप को प्राथमिकता संपर्क करें मोबाइल- 8461886239. (आरे-834)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्स/टेक्नीशियन

आवश्यकता है- मंगलम मोटर्स EV-Electric व्हीलर शोरूम में सेल्स के लिए लड़कियों और लड़कों एंव टेक्नीशियन गाडी रिपेयरिंग के लिए आवश्यकता है पता - पुराना धमतरी रोड बारले कॉम्प्लेक्स सेजबहार रायपुर मो. 9399451749 सेलरी योग्यतानुसार समय 10 से 8 (आरे-836)

वार्डन/ड्राइवर/कुक

आवश्यकता है- जैन हॉस्टल रायपुर में शाकाहारी, नशा मुक्त, अनुभवी महिला वार्डन - 1 पद, ड्राईवर- 1 पद, कुक - 1 पद, गार्ड- 1 पद ! संपर्क करें:- रहने खाने की सुविधा 8959906595. (आरे-7356)

टेलर कारीगर

आवश्यकता है- जेंट्स टेलरिंग शॉप में पेंट और सफारी सूट सिलाई कार्य के लिए अनुभवी कारीगर की आवश्यकता हैं। संपर्क करे- नेशनल टेलर्स छोटापारा 8109669000, 07712223107(आरे-251)

वेल्डर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- फेब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। स्थान: बाराडेरा- धनसूली, मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173. (आरे-060)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

फार्महाऊस कार्य

आवश्यकता है- फार्महाऊस में कार्य के लिये एक परिवार की आवश्यकता है फार्महाऊस जुलुम गांव में टेकरी रोड पर रायपुर मे स्थित है। वेतन 15000/- दिया जाएगा साथ ही रहना बिजलीपानी मुफ्त रहेगा। संपर्क:- 9131910194, 9131655209. (आरे-061)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरे-209)

सिक्योरिटीगार्ड

Wanted- URGENT REQUIREMENT OF SECURITY GUARDS FOR REPUTED HOSPITAL OF RAIPUR आवश्यकता है: रायपुर हॉस्पिटल हेतु सिक्योरिटी गार्ड 10वीं पास वेतन 12000+PF & ESIC संपर्क Contact: 9907330741, 9826022167, 9993700020, 9907330740, 9826114377. (आरे-1344)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्रायवर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577, 9425522576 . (आरे-833)

Property प्रापर्टी

डायवर्टेड प्लाट बेचना है- भाटागांव भर्रीखार दो प्लांट 635- 600 वर्ग फुट का रेट 1500 प्रति वर्ग फुट नया रायपुर (जाम गांव) 1000 वर्ग फुट रेट 700 प्रति वर्ग फुट राजिम व आमापारा शिक्षक कॉलोनी 450 वर्ग फुट रेट 1000 प्रति वर्ग फुट संपर्क मोबाइल नंबर 8823780696 पी. एल यदु 9754685471, वी.के यदु 8827275508 पता परशु राम नगर महामाईपारा रायपुर (आरे-828)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का जरूम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी दावे उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेते व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों को हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध से उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दावेदारों के अपने दावों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



Healthcare



जैकेट के शेष

हॉकी में छग ...
भारत की पहली आधिकारिक राज्य स्तरीय हॉकी लीग बताया गया है। इसमें राज्य के छह शहरों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी। लीग चरण के बाद शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी और इसके बाद मुकाबले नॉकआउट प्रारूप में होंगे। फाइनल 1 नवंबर को प्रस्तावित है। इसी दिन महिला टीमों के बीच विशेष प्रदर्शनी मुकाबला भी आयोजित किया जाएगा।

'बघवा' होगा लीग ....
वाल्मीकि जैसे खिलाड़ियों के शामिल होने की जानकारी दी गई है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। उनके अनुसार, छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रदेश में हॉकी के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उभरते खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सड़क पर शिक्षक... शाला ....
गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2028 तक सभी शिक्षकों के लिए टेट अर्थात शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। ऐसा नहीं किए जाने की स्थिति में उन्हें वेतनवृद्धि अथवा पदोन्नति का लाभ नहीं मिल सकेगा। छग में इसे लागू कर दिया गया है। यहां शिक्षक 2028 तक बगैर टेट पदोन्नति व वेतनवृद्धि की मांग कर रहे हैं।

मप्र की तर्ज पर हो व्यवस्था : मध्यप्रदेश में शिक्षकों को टेट परीक्षा उत्तीर्ण कराने के लिए केवल शिक्षकों के लिए विशेष विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षकों का आरोप है कि शिक्षा विभाग से इस संदर्भ में चर्चा की गई थी, लेकिन उनकी मांगों को
गंभीरता से नहीं लिया गया। वर्तमान आंदोलन में प्रदेशभर के सभी शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एकजुट हुए हैं। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा और वीरेंद्र दुबे ने कहा, यदि उन्हें राहत नहीं मिली तो वे आंदोलन का विस्तार करेंगे।

चर्चा के लिए ....
के बंगले में चर्चा हेतु आमंत्रित किया गया। प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा शिक्षक मोर्चा के प्रतिनिधियों से टेट अनिवार्यता की गतिरोध और अन्य विषयों पर चर्चा कर कोई निर्णय लिया जाएगा। इसकी जानकारी छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा को प्रदान की गई है।

ऐसे रहे ....
बलरामपुर : शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेशव्यापी आव्हान पर बलरामपुर में 2408 शिक्षकों ने अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इधर तहसीलदार ने कहा की शिक्षकों से प्राप्त ज्ञापन को कलेक्टर के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा। अंबिकापुर : अन्य जिलों की अपेक्षा यहां विशाल रैली निकाली गई। जिले के सभी स्कूलों में छुट्टी सा माहौल रहा।

बहनों ने बांधी ....
अवसर पर भावुक हो उठे। उन्होंने शहीद श्री वर्मा के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए शहीद जवानों के परिवारों के साथ सदैव खड़े रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, विधायक सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कांवड़िया, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित जनप्रतिनिधि, सुरक्षा बलों के अधिकारी-जवान, स्कूली विद्यार्थी, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

विदेशी चीनी को ....
रोक लगेगी और बाजार में सप्लाई बढ़ाने में मदद मिलेगी। इधर, राजधानी रायपुर में मंगलवार को चीनी के दाम में तीन रुपए की गिरावट आई है। केंद्र सरकार ने शुल्क-मुक्त आयात की गई कच्ची चीनी के प्रसंस्करण और बिक्री की समयसीमा में बदलाव किया है।

बिल्ली का बच्चा ....
मां-बेटे का भावुक क्षण दिखा। एक दिन पहले वनमंडलाधिकारी ने अधिकारियों और स्थानीय वन प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ मौके पर जाकर गश्त की और स्थिति का जायजा लिया था।

प्रभारियों से पूछा-मंत्री ....
गई। बुधवार को शेष 17 जिलों पर चर्चा होगी। सभी प्रभारी मंत्रियों को दो माह पहले मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में दो माह का अल्टीमेटम दिया गया था। अब दो माह उनके कामों की समीक्षा की जा रही है। दो माह पहले मुख्यमंत्री निवास में एक बड़ी बैठक हुई थी। इस बैठक में प्रभारी मंत्रियों को साफ शब्दों में कहा गया था कि जिलों के प्रभारियों के हिसाब से काम किया जाए और कार्यकर्ताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रभारी मंत्रियों को जिलों पर पूरा फोकस करने की नसीहत दी गई थी। मंत्रियों से साफ कहा गया था, जनता में असंतोष नहीं होना चाहिए। जनता के हितों के कामों को प्राथमिकता के साथ किया जाए। इसी के साथ हर माह बैठक लेने भी कहा गया था और बैठकों में अनिवार्य रूप से रहने के निर्देश दिए गए थे। अब इसी की समीक्षा करने का काम संगठन कर रहा है कि जिलों में दो माह में क्या-क्या हुआ है।

सीएम के साथ ....
काम की गति कैसी है, कहीं कोई परेशानी तो नहीं है। जो भी कमियां सामने आएंगी उनको तालमेल के साथ सुलझाया जाएगा।

पहले दिन 16 ....
कहा गया। प्रशासनिक स्तर की भी जानकारी ली गई कि प्रशासनिक स्तर पर जिले में क्या स्थिति है। जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर भी जानकारी ली गई। संगठन को लेकर भी जानकारी ली गई कि जिलों में संगठन की पूरी टीम बनी है या नहीं। सभी प्रभारी मंत्रियों से जिलों के प्रभारियों, जिलाध्यक्षों के साथ तालमेल के साथ काम करने के लिए कहा गया।

पेज एक के शेष

50 का लोहा ....
जीवनशैली, प्रकृति और सांस्कृतिक विरासत को धातु में अभिव्यक्त करने का माध्यम है। बस्तर ढोकरा को वर्ष 2008 में भौगोलिक संकेतक (जीआई) पंजीकरण प्राप्त हुआ है। सदियों पुरानी परंपरा में हर कलाकृति हाथों से गढ़ी जाती है। बस्तर में ढोकरा कला मुख्य रूप से घड़वा समुदाय से जुड़ी मानी जाती है। इसके डिजाइनों में जनजातीय जीवन, धार्मिक अनुष्ठान, पशु-पक्षी, जंगल, पहाड़, खेत और रोजमर्रा की गतिविधियों की झलक दिखाई देती है। इन दिनों बेलमेटल और लौहशिल्प कला रॉ मटेरियल के मंहगा होने से संकट में है। दूसरी परेशानी शिल्पियों से उनके बनाए कलाकृति की खरीदी को लेकर है। पहले क्वॉलिटी और कलाकृति की बारीकी को देखकर खरीदी होती थी लेकिन अब सरकारी खरीदी तौल कर होने से इस कला की बारीकी और क्वॉलिटी दोनों खत्म हो रही है। शिल्पकार भी अब बारीकी में कम बल्कि वजन और सामान्य निर्माण में ध्यान देने लगे हैं। वहीं खुले बाजार में बारीकी और क्वॉलिटी की मांग होने से दोनों तरह के काम हो रहे हैं। हरिभूमि ने नगरनार के प्रसिद्ध लौह शिल्पी विद्याधर विश्वकर्मा से चर्चा की । उन्होंने बताया कि लौह शिल्प में मुख्य रूप से लोहा और कोयला का इस्तेमाल होता है इन दोनों का दाम दोगुना तिगुना बढने से परेशानी हो रही है । पहले 50-60 रुपए किलो में लोहा मिल जाता था जो अब 150 से 200 रुपए में मिल रहा है । वहीं कोयला भी महंगा हो गया है ओडिशा के कोटपाड से लाकर 150 रुपए पीपा में दे रहे हैं जो पहले 30-40 रुपए में मिल जाता था। वहीं पॉलिश आइटम भी मंहगा हुआ है।

बस्तर और कोंडागांव जिले में धातु शिल्प का काम : बस्तर जिले के चिलकुटी,एर्राकोट, केमरा, अलवाई और खोरखोसा तथा कोंडागांव जिला ढोकरा मेटल क्राफ्ट (धातु शिल्प) के पारंपरिक संरक्षक हैं। यह 'लॉस्ट-वैक्स कास्टिंग' (मोम पिघलाकर साँचा बनाने) की एक प्राचीन प्रक्रिया है। विशेषज्ञ इस तकनीक को सिंधु घाटी सभ्यता की मशहूर कांस्य मूर्ति डांसिंग गर्ल से जोड़ते हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में धातु-निर्माण की सबसे पुरानी परंपराओं से इसका संबंध बताते हैं।

बाजार का लाभ....
डिजिटल विपणन और नई पीढ़ी के लिए आर्थिक अवसर उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

सांचा तोड़कर कलाकृति ....
उस पर बारीक डिजाइन बनाई जाती है। इसके बाद मिट्टी की परत चढ़ाकर सांचे को तैयार किया जाता है। गर्म करने पर मोम बाहर निकल जाता है और उसके स्थान पर पिघली हुई धातु भर दी जाती है। सांचा तोड़कर कलाकृति बाहर निकाली जाती है। यही कारण है कि ढोकरा की प्रत्येक कलाकृति अपने आप में अलग होती है।

स्कूल यूनिफॉर्म के ...
से बदलाव की मांग नहीं कर सकता। याचिका दाखिल करने वाली छात्रा प्रयागराज के टैगोर पब्लिक स्कूल की छात्रा है। यह निजी, गैर-सहायता प्राप्त और सीबीएसई से संबद्ध को-एजुकेशन स्कूल है। छात्रा ने कक्षा 6वीं से लेकर कक्षा 10वीं तक इसी स्कूल में पढ़ाई की थी। वो इन वर्षों में स्कूल की तय यूनिफॉर्म के साथ सिर पर स्कार्फ यानी हिजाब पहनती रही और स्कूल की ओर से पहले इस पर कोई आपत्ति नहीं की गई। कक्षा 10वीं पास करने के बाद जब उसने कक्षा 11वीं में उसी स्कूल में दाखिला लिया तो कथित तौर पर हिजाब जारी रखने की उसकी इच्छा को लेकर विवाद पैदा हुआ। इसके बाद उसने अपनी मां के माध्यम से इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसने कोर्ट से स्कूल को निर्देश देने की मांग की कि उसे तय यूनिफॉर्म के अतिरिक्त सिर पर स्कार्फ पहनने की अनुमति दी जाए।

स्कार्पियो की टक्कर ....
खोडरी मोड़ के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 12 बीयू 2420 के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। जिससे फूल सिंह और नरसिंह सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। यशवंत सिंह गंभीर रूप से घायल है, जिसे डायल-112 की मदद से मेडिकल हास्पिटल पहुंचाया गया। जहां उपचार के उपरांत यशवंत की भी मौत हो गयी। बताया जाता है कि यशवंत भी उनका रिश्तेदार है। सड़क हादसे में पिता पुत्र सहित 3 लोगों की मौत हो जाने से गांव में शोक व्याप्त है।

दो बाइक में ....
मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल हास्पिटल में दाखिल कराया गया है। जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतकों में खम्हरिया लुतरा निवासी देवी प्रसाद निषाद और खिसोरा निवासी कोमल के रूप में की गई है। हादसा कैसे हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। जबकि घायलों की पहचान नहीं हो पायी है। सभी घायलों का उपचार मेडिकल हास्पिटल में चल रहा है।

रक्षाबंधन पर दुर्ग-रायगढ़ ....
होते हुए 11.25 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसके बाद डब्ल्यूआरएस, उरकुरा, मांदर, सिलयारी, बैकुंठ, तिल्दा-नेवरा, हथबंद होते हुए 12.50 बजे भाटापारा पहुंचेगी। ट्रेन आगे निपानिया, दगोरी, बिल्हा, चकरभाटा, दाधापारा, 14.45 बजे बिलासपुर, फिर गतौरा, जयरामनगर, अकलतरा, जांजगीर-नैला, चांपा, सक्ती, खरसिया सहित अन्य स्टेशनों से होकर 19 बजे रायगढ़ पहुंचेगी। **रायगढ़ से शाम 7.40 बजे वापसी** : वापसी में गाड़ी संख्या 08833 रायगढ़-दुर्ग पैसेंजर स्पेशल रायगढ़ से शाम 19.40 बजे रवाना होगी। ट्रेन 22.20 बजे बिलासपुर, 23.25 बजे भाटापारा, रात 00.40 बजे रायपुर पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 2 बजे दुर्ग पहुंचेगी। रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन में कुल 10 आईसीएफ कोच लगाए जाएंगे। इनमें 8 जनरल कोच और 2 एसएलआरडी कोच शामिल होंगे। रेलवे के इस विशेष परिचालन से त्योहार के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त ट्रेन सुविधा मिलने से भीड़ को संभालने में मदद मिलेगी।

जाति जनगणना में ....
पत्र में कहा है कि 'ओपन-एंडेड' सवालों के जरिए जातियों की सही गिनती संभव नहीं है। एक ही जाति अलग-अलग नामों और उपजातियों में दर्ज हुई तो आंकड़े बिखरेंगे और सबसे बड़ा नुकसान ओबीसी, अति पिछड़े व वंचित समुदायों को होगा। पार्टी ने मांग की है कि तेलंगाना और बिहार में अपनाई गई पद्धति के अनुसार जातियों की प्रमाणित सूची के आधार पर नई प्रश्नावली तैयार कर देशभर में जातिगत जनगणना कराई जाए।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

रक्षामंत्री ने निजी कंपनियों को दी उत्पादन की मंजूरी

चुनौती कैसी भी हो, मिसाइलों का नहीं होगा टोटा : राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर जैसा कोई सैन्य अभियान हो या पाकिस्तान-चीन से मिलने वाली युद्ध की साझा चुनौती। भारत की सेनाएं दुश्मन के इलाके में सीधे प्रवेश किए बिना अब उसके हौसले आसानी से पस्त कर देंगी। यह सब कुछ स्वदेशी मिसाइलों के उस विशालकाय भंडार की मदद से होगा। जिनकी प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण (ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी) के साथ निर्माण की मंजूरी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लिए अपने एक बड़े और महत्वपूर्ण निर्णय के साथ रक्षा क्षेत्र की निजी कंपनियों को दे दी है। यह वो सभी पारंपरिक मिसाइल सिस्टम हैं, जिन्हें रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।



पिछले साल से जारी तैयारी : रक्षा मंत्रालय ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए बीते साल 2025 में ही मिसाइल, तोप के गोलों (आर्टिलरी शेल्स), गोला बारूद और अन्य जरूरी आयुध के विकास और मैन्युफैक्चरिंग को निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया था।

आयात निर्भरता घटेगी क्षमता बढ़ेगी
मंत्रालय के मुताबिक, इस निर्णय का असली मकसद मिसाइल उत्पादन के क्षेत्र में भारत की क्षमता में बढ़ोतरी करना, आयात निर्भरता को घटाना, आवश्यकता के हिसाब से निर्यात बढ़ाने और गुणवत्ता तथा उपयोगिता में इजाफा करना है। साथ की ये फैसला घरेलू उद्योगों को तय की गई योग्यताओं, प्रमाणन और विनियामक आवश्यकतानुसार देश के अंदर मिसाइल उत्पादन में सक्षम बनाकर रक्षा क्षेत्र में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

तीन नए आपराधिक कानून एक साल में शत-प्रतिशत होंगे लागू

केंद्रीय मंत्री शाह ने ली बैठक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नये आपराधिक कानूनों को अगले एक वर्ष में शत-प्रतिशत लागू करने की समयसीमा तय करते हुए मंगलवार को कहा कि इससे आपराधिक मामलों का उच्चतम न्यायालय तक तीन वर्ष के भीतर निस्तारण संभव होगा और दोषसिद्धि की दर में 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी। आसूचना ब्यूरो के दो दिवसीय नौवें 'राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन-2026' के मंगलवार को समाप्त हुए सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इस मंच को सुरक्षा चुनौतियों का अनुमान 15 से 20 साल पहले ही लगाकर उसके अनुरूप रणनीति बनानी चाहिए ताकि उन्हें बड़ा खतरा बनने से रोका जा सके। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई 2024 से लागू हुए थे। इन कानूनों ने ब्रिटिश शासन के समय की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून की जगह ली। गृह मंत्री ने कहा, अगले एक वर्ष में तीनों नये कानूनों को शत-प्रतिशत लागू किया जाएगा, ताकि आपराधिक मामलों का उच्चतम न्यायालय तक तीन वर्ष के भीतर निपटारा हो सके और दोषसिद्धि की दर में 25 प्रतिशत की वृद्धि हो।



नक्सलवाद समाप्त
उन्होंने कहा कि सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के तीन प्रमुख चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों- नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद-से पैदा हुई चुनौतियों को 'समाप्त' कर दिया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय सभी राज्यों के पुलिस बलों, केंद्रीय एजेंसियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को दिया। शाह ने घुसपैठियों को राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए खतरा बताते हुए कहा कि भारत में रहने का अधिकार केवल देश के नागरिकों को है।

नोएडा में भी स्वाइन फ्लू सामने आए 15 केस
नई दिल्ली। भारत के कई हिस्सों से स्वाइन फ्लू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब इस सूची में गौतमबुद्ध नगर भी शामिल हो चुका है, जहां अब तक 15 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है। कुछ मरीज जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ाने के साथ अस्पतालों में जरूरी व्यवस्थाएं तैयार रखने के निर्देश दिए हैं।

E-Auction
Auction Date: 03.09.2026
at 3.30 pm to 4.00 pm
on Behalf of the insured
Sale of Induction Furnace Copper Coil, MS Structure and Yoke of Induction Furnace
Quantity: Induction Furnace Copper Coil (1200 to 1500 kg), MS Structure (7 - 10 MT), Yoke of Induction Furnace - 4-5 TONS
Location: Raipur
Inspection date: 26.08.2026 to 02.09.2026
Contact : Rohit : 8251990018
Email: apt.srk@gmail.com, salvage@aptsurveyors.com
Please send WhatsApp message for form and terms and conditions.

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धि पत्र
Office of the, Dy. Chief Electrical Engineer, Project/JBP
No:JBP/Project/EPC/2025/01R
Dt: 21.08.2026
'टेंडर संख्या JBP/Project/EPC/2025/01R दिनांक: 04.08.2026 में सुधार नोटिस संख्या 1 से 4 तक, ireps.gov.in वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। विवरण के लिए, टेंडर करने वालों से अनुरोध है कि वे सुधार नोटिस देखें।' (हस्ता.)
Dy.CEE/P/JBP
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. 202607130400050 ब/113 (4) वर्ष 2025-26
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/अध्यक्ष आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल, जिला धमतरी के द्वारा देवानंद नेताम, सहसचिव द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल जिला धमतरी छ.ग. पंजीयन क्रमांक 7 (ब) 113-99-2000 में पंजीयक लोकन्यास (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला धमतरी छ.ग. के प्रकरण क्रमांक रा.प्र.क्र. 202501130400020/ब-121/वर्ष 2024-25 के आदेश दिनांक 03.04.2025 के अनुसार कुल 27 व्यक्तियों को न्यासी के रूप में पंजीकृत किया गया जिसमें 02 सदस्य सरजूराम ठाकुर पिता स्व. विशाल राम ठाकुर का दिनांक 14.07.2025 को एवं समारू राम नेताम पिता परदेशी राम नेताम का दिनांक 09.07.2026 को मृत्यु हो चुकी है। ट्रस्ट का आदेश दिनांक 09.11.2001 की कंडिका 6 में न्यासधारियों की पद रिक्त होने के बाद उनके उत्तराधिकारियों की भर्ती प्रणाली एवं ट्रस्ट का नियमावली की कंडिका 08 के परिपालन में आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट का कार्यकारिणी एवं सामान्य सभा की बैठक स्व. माधवसिंह सभागार अंगारमोती परिसर गंगरेल में दिनांक 09.11.2025 को किया गया है। सर्व सम्मति से 02 न्यासधारी का मृत्यु उपरांत शेष अवधि के लिए श्री राधेश्याम नेताम पिता स्व. रामगुलाल नेताम ग्राम पाहंदा पोस्ट बोरसी, तहसील मगरलोड, जिला धमतरी छ.ग. एवं श्रीमती गीता नेताम पति श्री दीपक नेताम, एलआईजी 15, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हटकेशर, तहसील व जिला धमतरी छ.ग. का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट में दोनों व्यक्तियों की नियुक्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट में सदस्य के रूप में श्री राधेश्याम नेताम पिता स्व. रामगुलाल नेताम ग्राम पाहंदा पोस्ट बोरसी, तहसील मगरलोड, जिला धमतरी छ.ग. एवं श्रीमती गीता नेताम पति श्री दीपक नेताम, एलआईजी 15, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हटकेशर, तहसील व जिला धमतरी छ.ग. का नाम दर्ज किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक अथवा इसके भीतर स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में सुनवाई तिथि दिनांक 27.08.2026 तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमतरी

// आम सूचना //
सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार इमरसन सिंग पिता बोहर सिंग एवं श्रीमति लीली सिंग पति इमरसन सिंग निवासी डाकबंगला वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी की ओर से आगाह किया जाता है कि शहर धमतरी टिकरापारा वार्ड प.ह.नं. 16 स्थित भूमि खसरा नंबर 558/2 रकबा 0.94 डिसमिल एवं ग्राम श्यामतराई प.ह.नं. 46 स्थित भूमि खसरा नंबर 815 रकबा 1.92 हे./4.80 एकड़ स्थित है जो मेरे पक्षकार के स्वत्व व आधिपत्य की है। उपरोक्त संपत्ति को उनका पुत्र आशीष सिंग पिता इमरसन सिंग ने धोखे में रखकर अधिकार पत्र प्राप्त किया एवं अधिकार पत्र के आधार पर बहुमूल्य संपत्ति टिकरापारा स्थित भूमि 0.94 डिसमिल को अपने पत्नि श्रीमति प्रीति सिंग के नाम पर हस्तांतरित करा दिया है तथा श्यामतराई स्थित भूमि जो मेरे पक्षकार के पैतृक है जिस पर मेरे पक्षकारगणों के अलावा अन्य उत्तराधिकारियों का हक व हिस्सा है।
यह कि उपरोक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा माननीय व्यवहार न्यायालय धमतरी के समक्ष व्य.वा.क. 34 अ/25 लंबित है जिसमें अधिकार पत्र के द्वारा किये गये हस्तांतरण को अवैध एवं शून्य घोषित करने तथा श्यामतराई स्थित भूमि का बंटवारा हेतु दावा प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण व्यवहार न्यायालय में दिनांक 25/09/2026 को नियत है। विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि पुत्र आशीष सिंग के द्वारा श्यामतराई स्थित भूमि को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है तथा स्थल पर उसकी पत्नि प्रीति सिंग दलालों को लाकर जमीन दिखा रही है। इसलिए इस आम सूचना के द्वारा सर्व साधारण को आगाह किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपर दर्शित संपत्ति का क्रय तथा क्रय सौदा नहीं करे। अन्यथा इस प्रकाशन के बावजूद भी यदि कोई व्यक्ति क्रय करता है तो उसे लंबित वाद में प्रतिवादी के हैसियत से पक्षकार के रूप में संयोजित किया जायेगा तथा बिक्री पत्र से उसे कोई स्वत्व अधिकार प्राप्त नहीं होगा। क्योंकि मामला सिविल न्यायालय में व्यवहार वाद क्रमांक 34 अ/25 के रूप में लंबित है। इसलिए आगाह किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति श्रीमति प्रीति सिंग एवं आशीष सिंग से कोई सौदा न करे अन्यथा क्रेता स्वयं उत्तरदायी होगा।
सो सूचना जाने।
दिनांक 20/08/2026
भवदीय
Tarun Kumar Prajapati
ADVOCATE
Amaltaspuram Colony, Qu. No.D22A, Rudri Road, DHAMTARI (C.G.)
Mob. 8319570140, 9009540042

// कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग //
-: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-
क्रमांक / ज०प्र०वि०/2026-27/28 दुर्ग, दिनांक- 25.08.2026
नगर पालिक निगम, दुर्ग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु PIIE SOR 2020 (Amedment 07, Year 2022-23) एवं NON SOR के अनुसार निविदा दिनांक से संशोधित दर पर प्रभावशील दर पर निम्नांकित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नांकित तिथि को निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खोलने के समय निविदाकार या उनके प्रतिनिधी उपस्थित रह सकते है। निविदा कार्य हेतु निविदाकार के द्वारा कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने पर ही परीक्षण उपरांत ही निविदा प्रपत्र जारी की जावेगी। आवेदन के साथ जीवित पंजीयन की कापी, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पेनकार्ड की कापी विगत वर्ष 2026-27 का ITR (इन्कम टैक्स रिटर्न) की प्रति, संलग्न प्रपत्रों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-	07.09.2026
निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि	-	11.09.2026
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	16.09.2026
निविदा खोलने की तिथि	-	17.09.2026 शाम 4.30 बजे

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रुपये लाख में
1	Providing & Fixing, Commissioning, Testing of Alum Lime Liquid-Water Dosing System, Electric Wire Rope Host, D-oil Starter, at Site Chemical House Filter Plant Nagar Palik Nigam Durg.	रू. 9.45 लाख /-
2	90 KW, 45 KW, 100 HP Motor Pump Rewinding & Repairing Works of Intekwell & Filter Plant.	रु. 9,91,671/-
3	Laying Of 100 mm Dia Pipe at Near Tamradhawaj Sahu House at Minakshi Nagar Borsi at Ward No. 53 Durg.	रू. 1,49,187/-
4	Repairing & Painting Of Tankers.	रु. 5,33,400/-

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइड www.municipal corporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा संख्याः 105-एस एन टी- परियोजना-निविदा- 2026, दिनांकः 18.08.2026
कार्य का नामः एसईसी रेलवे के बिलासपुर डिवीजन के टेगनमाड़ा (TGQ)-खोंगसरा (KGS)-भनवारटोंक (BHTK)-खोदरी (KOI)-सरबहारा (SBRA)- पेंड्रा रोड (PND) सेक्शन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ओएफसी आधारित) के साथ ऑटो सिग्नलिंग का प्रावधान जिसमे मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में परिवर्तन/ संशोधन एवं नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, एमएसडीएसी एवम आई पी एस आदि की आपूर्ति, स्थापना, परीक

राखी का तगड़ा बिजनेस धमाका, देश में 30,000 करोड़ का व्यापार!

'मोदी गारंटी राखी', 'ब्रह्मोस राखी', 'नारी वंदन राखी', 'आत्मनिर्भर भारत राखी की डिमांड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षाबंधन के त्योहार में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और देशभर के बाजारों में खरीदारी तेज हो गई है। दिल्ली समेत कई शहरों के बाजारों में राखी, मिठाई, कपड़े, गिफ्ट आइटम और सजावटी सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। व्यापारियों के मुताबिक, इस साल रक्षाबंधन पर सिर्फ राखियों का कारोबार करीब 25 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। वहीं, उपहार, मिठाई, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्राई फ्रूट्स, पूजा सामग्री और अन्य त्योहारी सामान को जोड़ दिया जाए तो कुल कारोबार 30 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा होने का अनुमान है।

युवाओं और बच्चों के बीच 'ब्रह्मोस', 'राष्ट्र रक्षा सूत्र' और 'विकसित भारत' थीम वाली राखियों को खास पसंद किया जा रहा है। वहीं महिलाओं में 'नारी वंदन' और 'लखपति दीदी' राखी लोकप्रिय हो रही हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक, देशभर के व्यापारिक संगठनों से मिली जानकारी के आधार पर इस साल रक्षाबंधन पर सिर्फ राखियों का कारोबार करीब 25 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। उपहार, मिठाई, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावटी सामान, ड्राई फ्रूट्स और अन्य त्योहार से जुड़े उत्पादों को शामिल करने पर कुल कारोबार 30 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकता है।

बाजारों में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

रक्षाबंधन की खरीदारी को लेकर दिल्ली के चांदनी चौक, सदर बाजार, करोल बाग, लाजपत नगर, कमला नगर, राजौरी गार्डन, गांधी नगर, खारी बावली और लक्ष्मी नगर समेत कई बाजारों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। शाम के समय बाजारों में खास रौनक नजर आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि इस साल रक्षाबंधन को लेकर लोगों में पिछले वर्षों के मुकाबले ज्यादा उत्साह दिखाई दे रहा है। दिल्ली के अलावा देश के दूसरे राज्यों में भी राखी और त्योहार से जुड़ी खरीदारी जोरों पर है।



'विकसित भारत' और 'ब्रह्मोस' राखियों की बढ़ी मांग

इस बार पारंपरिक राखियों के साथ कई खास थीम वाली राखियां भी बाजार में आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार की गई राखियों को लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इनमें 'विकसित भारत राखी', 'मोदी गारंटी राखी', 'ब्रह्मोस राखी', 'नारी वंदन राखी', 'आत्मनिर्भर भारत राखी', 'वोकल फॉर लोकल राखी', 'भारत गौरव राखी', 'लखपति दीदी राखी', 'नमामि गंगे राखी', 'राष्ट्र रक्षा सूत्र राखी' और 'अमृतकाल राखी' शामिल हैं।

गिफ्ट पैक और ड्राई फ्रूट्स की भी बढ़ी बिक्री

राखियों के अलावा इस बार गिफ्ट पैक, चॉकलेट हैम्पर, ड्राई फ्रूट गिफ्ट बॉक्स, हस्तशिल्प सामान, एथनिक कपड़े और पारंपरिक मिठाइयों की मांग भी बढ़ी है। ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग स्थानीय बाजारों में जाकर खरीदारी कर रहे हैं। इससे छोटे दुकानदारों और स्थानीय कारोबारियों को भी फायदा मिल रहा है। देश के अलग-अलग हिस्सों की कला और संस्कृति को दर्शाने वाली राखियां भी इस बार लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

खबर संक्षेप



सोने में चौथे दिन भी तेजी चांदी 3,500 रुपये टूटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही और यह 2,700 रुपये बढ़कर 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 1,64,400 प्रति 10 ग्राम पर रहा था। हालांकि, व्यापारियों की मुनाफावसूली के कारण तीन दिन की तेजी के बाद चांदी की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 3,500 रुपये घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सर्राफा की कीमतों में हालिया बढ़त का कुछ हिस्सा कम हो गया। दो दिन की बढ़त के बाद, हाजिर सोने की कीमत 11.87 डॉलर या 0.26 प्रतिशत टूटकर 4,639.51 डॉलर प्रति औंस रह गई। चांदी पर भी दबाव बना रहा और इसकी कीमत 1.04 प्रतिशत टूटकर 67.88 डॉलर प्रति औंस रह गई। यह लगातार दूसरा दिन था जब चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

यूपीआई के 10 साल: पीएम ने देशवासियों से अपने अनुभव साझा करने का किया आह्वान

मोदी बोले- छोटे दुकानदार से लेकर करोड़ों लोगों तक पहुंचा डिजिटल भुगतान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति के सबसे बड़े प्रतीकों में शामिल यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने एक दशक का सफर पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई के दस साल पूरे होने के अवसर पर इसकी उपलब्धियों को हर भारतीय के लिए गर्व का विषय बताया और देशवासियों से यह अनुभव साझा करने का आह्वान किया कि इस डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को किस तरह बदला है।

- यूपीआई भुगतान ने लेन-देन के तौर-तरीके को पूरी तरह बदल दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले यूपीआई की शुरुआत भारत की डिजिटल भुगतान यात्रा में निर्णायक मोड़ साबित हुई और इसने देश में लेन-देन के तौर-तरीके को पूरी तरह बदल दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2016 में शुरुआत के समय यूपीआई से केवल 21 बैंक जुड़े थे, जबकि मार्च 2026 तक यह संख्या बढ़कर 703 बैंक हो गई। वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआई के माध्यम से 24,161.69 करोड़ लेन-देन हुए और इनका कुल मूल्य करीब 314 लाख करोड़ रुपये रहा।



कैश से क्यूआर कोड तक बदली तस्वीर

एक दशक पहले छोटे मूल्य के दैनिक लेन-देन में नकदी का दबदबा था। किराना दुकान, सब्जी बाजार, चाय की दुकान या ऑटो-रिक्शा में भुगतान के लिए नकद रखना आम बात थी। यूपीआई और क्यूआर कोड ने इस व्यवस्था को बदल दिया। अब ग्राहक मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर कुछ सेकंड में भुगतान कर सकता है। इससे भुगतान प्रक्रिया तेज हुई है और डिजिटल लेन-देन का रिकॉर्ड भी उपलब्ध रहता है।

2016 में शुरू हुई थी नई डिजिटल भुगतान व्यवस्था

पीएम ने कहा कि यूपीआई को एनपीसीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक की नियामकीय निगरानी में विकसित किया था। इसकी शुरुआत 11 अप्रैल 2016 को हुई। इसका मूल उद्देश्य अलग-अलग बैंक खातों और भुगतान प्रणालियों के बीच तत्काल, आसान और इंटरऑपरेबल डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना था।

रोजमर्रा की जिंदगी का बन चुका हिस्सा

मोदी ने कहा कि शुरुआत में यूपीआई का इस्तेमाल सीमित स्तर पर हुआ, लेकिन स्मार्टफोन, सस्ता इंटरनेट, बैंक खातों की बढ़ती पहुंच और डिजिटल सेवाओं के विस्तार के साथ इसका इस्तेमाल तेजी से बढ़ता गया। आज चाय की दुकान से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल, ऑनलाइन खरीदारी, बिल भुगतान, टैक्सी, रेस्तरां और व्यक्तिगत धन हस्तांतरण तक यूपीआई रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है।

10 साल में 12 हजार गुना बढ़ा लेन-देन

यूपीआई के विकास की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वित्त वर्ष 2016-17 में जहां इससे लगभग 2 करोड़ वार्षिक लेन-देन हुए थे, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा बढ़कर 24,162 करोड़ से अधिक हो गया। यानी करीब दस साल में लेन-देन की संख्या में लगभग 12,000 गुना वृद्धि हुई। 2016-17 में यूपीआई के जरिए लेन-देन का मूल्य करीब 0.07 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 314 लाख करोड़ रुपये हो गया।

हुंदै मोटर ने की जियो बीपी के साथ साझेदारी



नई दिल्ली। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड और जियो-बीपी ने अपने ईवी चार्जिंग नेटवर्क को एकीकृत करने और देशभर में बिजलीचालित वाहन के उपयोगकर्ताओं को चार्जिंग स्टेशन तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने के मकसद से साझेदारी की है। जियो-बीपी रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम है। यह इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सेवाओं और समाधान का एक प्रमुख प्रदाता है। एचएमआईएल ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि इस एकीकरण के बाद हुंदै के ग्राहक माईहुंदै ऐप के जरिये जियो-बीपी पल्स के चार्जिंग स्टेशन को खोजने, उन तक पहुंचने और उनका इस्तेमाल करने में सक्षम होंगे।

बिजनेस साइट

सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के नए कलेक्शन का चेहरा बने हर्षवर्धन राणे

मुंबई। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने अभिनेता हर्षवर्धन राणे को अपने पुरुषों के ज्वेलरी ब्रांड 'अहम' के नए कलेक्शन 'टीआई22 बाय अहम' का चेहरा घोषित किया है। टाइटेनियम, गोल्ड और डायमंड से तैयार यह कलेक्शन आधुनिक पुरुषों की बदलती पसंद और व्यक्तित्व को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। इसमें टाइटेनियम की मजबूती और हल्केपन को सोने व हीरे की शाश्वत चमक के साथ जोड़ा गया है।



मजबूती का मतलब खुद को जानना : राणे

कैंपेन के मुख्य चेहरे हर्षवर्धन राणे ने कहा कि उनके लिए मजबूती का मतलब दिखावा नहीं, बल्कि खुद को जानना, अपनी मान्यताओं पर कायम रहना और निरंतर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि 'टीआई22' का डिजाइन आत्मविश्वास और सादगी का संतुलन प्रस्तुत करता है।

थीम : बोल्ड बनें मजबूत बनें

सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर एवं मार्केटिंग व डिजाइन हेड जोइता सेन ने कहा कि 'अहम' के जरिए कंपनी पुरुषों की ज्वेलरी को आधुनिक और व्यक्तिगत शैली से जोड़ रही है। उनके अनुसार, 'टीआई22' केवल नया कलेक्शन नहीं, बल्कि रोजमर्रा की पुरुषों की ज्वेलरी में बदलते ट्रेंड और आत्म-अभिव्यक्ति का प्रतीक है। कलेक्शन की थीम 'बोल्ड बनें-मजबूत बनें' रखी गई है।

अशोका पाम मीडोज में 3 बीएचके अपार्टमेंट्स की लॉन्चिंग कल

रायपुर। तेजी से विकसित हो रहे डूंडा क्षेत्र में रिहायशी सुविधाओं के विस्तार के बीच आरती ग्रुप के प्रोजेक्ट अशोका पाम मीडोज में 27 अगस्त को 3 बीएचके अपार्टमेंट्स की लॉन्चिंग होगी। 90 एकड़ में विकसित इस टाउनशिप में आधुनिक सुविधाओं के साथ खुले और हरित वातावरण को प्राथमिकता दी गई है। डूंडा में स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और अन्य सुविधाओं के विस्तार के साथ फोरलेन सड़क व नवा रायपुर से सीधी कनेक्टिविटी क्षेत्र की संभावनाओं को बढ़ा रही है। वहीं बढ़ती आबादी को देखते हुए करीब 150 एमएलडी क्षमता के नए फिल्टर प्लांट, पानी की टंकियों और पाइपलाइन विस्तार की योजनाएं भी प्रस्तावित हैं। इससे आने वाले समय में क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलने की उम्मीद है।



- 90 एकड़ की टाउनशिप में आधुनिक सुविधाओं के साथ हरियाली और बेहतर कनेक्टिविटी पर जोर

प्रोजेक्ट का उद्देश्य, बेहतर जीवन का अनुभव देना : ऋभुराज

आरती ग्रुप के युवा डायरेक्टर ऋभुराज अग्रवाल के नेतृत्व में अशोका पाम मीडोज की अवधारणा आधुनिक जीवनशैली के साथ प्रकृति के करीब रहने पर केंद्रित है। उनका कहना है कि प्रोजेक्ट का उद्देश्य केवल आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि परिवारों को बेहतर स्पेस, हरियाली, सुविधाएं और कनेक्टिविटी के साथ बेहतर जीवन का अनुभव देना है। डूंडा में बढ़ती सुविधाओं और प्रस्तावित विकास कार्यों को देखते हुए क्षेत्र को रायपुर के उभरते रिहायशी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ 95.46 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर 24 पैसे की बढ़त के साथ 95.46 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी, अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना घटने से अमेरिकी डॉलर में बनी समग्र कमजोरी से निचले स्तर पर रुपये को समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95.50 से 96.00 के आसपास सीमित दायरे में बनी रही।



कच्चे तेल के दाम में नरमी से शेयर बाजार में लौटी तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट से उबरते हुए अंतिम समय में हुई लिवाली और कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से बढ़त में रहे। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 287 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 115 अंक के लाभ में रहा।

- सेंसेक्स 287 अंक चढ़ा, निफ्टी भी लाभ में

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान अधिकांश समय गिरावट में रहा लेकिन आखिरी घंटे में लिवाली से यह 286.98 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 77,656.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 77,666.39 अंक तक गया और नीचे में 77,125.91 अंक तक आया। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 लाभ में जबकि छह नुकसान में रहे। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी कारोबार के आखिरी चरण में हुई लिवाली के कारण 115.50 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 24,334.55 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत तीन प्रतिशत टूटकर 89.32 डॉलर प्रति बैरल पर रही।



भारत ने अमेरिका से एलपीजी एलएनजी की बढ़ाई खरीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण खाड़ी देशों से आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने अमेरिका से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की खरीद तेजी से बढ़ाई है।

- पश्चिम एशिया संकट के बीच

समुद्री सूचना कंपनी केप्लर के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। केप्लर के मुताबिक, भारत ने अगस्त में अमेरिका से करीब 6.2 लाख टन एलपीजी का आयात किया है, जबकि जुलाई में यह मात्रा 8.9 लाख टन थी। अगस्त में अमेरिका से हुई आपूर्ति भारत के कुल एलपीजी आयात का 73 प्रतिशत से अधिक रही। इसके मुकाबले खाड़ी देशों से एलपीजी आयात में तेज गिरावट आई है।



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधा : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

खबर संक्षेप



साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ ने नई दिल्ली टाइगर्स को हराया

नई दिल्ली। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में नई दिल्ली टाइगर्स पर 5 विकेट से जीत दर्ज की। नई दिल्ली टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 168 रन बनाए, जिसमें लक्ष्य थरेजा ने 47 गेंदों में दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 62 रन बनाकर टीम को संभाला। सुपरस्टार्ज की तरफ से अंकित डबास ने चार ओवरों में 16 रन देकर दो विकेट लिए। इसके जवाब में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। अनमोल शर्मा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 44 गेंदों में 55 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। एकांश डोभाल ने चार छक्के और दो चौके लगाकर सिर्फ 18 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। डबास ने 18वें ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर पांच गेंदों में 18 रन बनाए।

अहमदाबाद में 7 अक्टूबर से राष्ट्रमंडल क्यू खेल



बेंगलुरु। अहमदाबाद के सावरकर खेल परिसर में 7 से 10 अक्टूबर तक राष्ट्रमंडल क्यू खेलों (बिलियर्ड्स, स्नूकर, हेयबॉल, ब्लैकबॉल) की चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। भारतीय बिलियर्ड्स और स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में करीब 46 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पुरुष और महिला वर्ग में बिलियर्ड्स, स्नूकर, हेयबॉल, 10-बॉल पूल और ब्लैकबॉल की स्पर्धाएं होंगी। चार स्पर्धाओं में प्रत्येक वर्ग में 16 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि इस साल कार्यक्रम में शामिल किए गए बिलियर्ड्स में दोनों वर्गों में आठ-आठ खिलाड़ियों का ड्रॉ होगा। चैंपियनशिप का आयोजन विश्व बिलियर्ड्स खेल महासंघ (डब्ल्यूसीबीएस) और बीएसएफआई के तत्वावधान में एपेक्स स्पोर्ट्स द्वारा किया जाएगा।

तीसरे दिन श्रीलंका ने 8 विकेट पर बनाए 265 रन

बारिश ने श्रीलंका को बचाया टीम इंडिया के हाथ में मैच

श्रीलंका को फॉलोऑन टालने के लिए 39 रन की जरूरत, भारत से 238 रन पीछे

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय गेंदबाज सोनल दिनुशा की अगुवाई में श्रीलंका के पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष को खत्म करने में नाकाम रहे, जिससे बारिश और खराब रोशनी के कारण मंगलवार को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल जल्दी खत्म होने तक श्रीलंका ने 8 विकेट पर 265 रन बना लिए थे। दिन के खेल के समापन के समय दिनुशा 85 और लाहिरु कुमारा 8 रन बनाकर क्रीज पर थे। श्रीलंका को फॉलोऑन टालने के लिए अब 39 रन और बनाने हैं। पासिंदु सूरियाबंडारा ने भी 80 रन की शानदार पारी खेली। भारत ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 503 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इस तरह से श्रीलंका उससे अभी 238 रन पीछे है।



सरफराज, सिराज और श्रीलंकाई बल्लेबाजों के बीच हुई जुबानी जंग

पहले सत्र के खेल के दौरान ऋषभ पंत की जगह क्षेत्ररक्षण करने आए सरफराज खान, मोहम्मद सिराज और श्रीलंकाई बल्लेबाजों के बीच हुई जुबानी जंग से यह सत्र और भी रोमांचक हो गया। प्रसिद्ध कृष्णा ने दिन के सातवें ओवर में ही अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे कामिल मिसारा (19) को विकेट के पीछे कैच करा दिया। प्रसिद्ध की तेजी से उठती गेंद को मिसारा नहीं समझ पाए। गेंद उनके बल्ले को चूमकर विकेटकीपर जुरेल के हाथों में चली गई। लेकिन सूरियाबंडारा और कामिंदु मेंडिस (32) ने भारत को लगभग दो घंटे तक विकेट से महरूम रखा। इन दोनों बल्लेबाजों ने मानव सुथार और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सारांश जैन को हावी नहीं होने दिया।

सुथार ने की सटीक गेंदबाजी

श्रीलंका ने सुबह 2 विकेट पर 8 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र में 122 रन जोड़े। बारिश के कारण देर से शुरू हुए दूसरे सत्र में उसने 86 रन जोड़े और इस बीच 3 विकेट गंवाए। मानव सुथार की सटीक गेंदबाजी से भारत ने लंच के बाद श्रीलंका को शुरुआती झटका दिया। सुथार की गेंद धनंजय डी सिल्वा के बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप में केएल राहुल के सुरक्षित हाथों में चली गई। लेकिन श्रीलंका को सबसे बड़ा झटका सूरियाबंडारा के आउट होने से लगा, जिन्होंने धैर्य के साथ बल्लेबाजी की। रविंद्र जडेजा ने उन्हें चकमा देकर बोल्ड किया। इसके दो रन बाद मोहम्मद सिराज (33 रन पर एक विकेट) ने लेग साइड से डाली गई एक साधारण सी गेंद पर निरोशन डिकवेला (शून्य) को आउट कर दिया।

दिनुशा ने खेली लगातार अर्धशतकीय पारी

चाय के विश्राम के समय 7 विकेट पर 216 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए श्रीलंका के जल्दी सिमटने के आसार दिख रहे थे। दिनुशा ने हालांकि लगातार तीसरी पारी में 50 से अधिक रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया और दो सत्र तक उन्हें विकेट के लिए तरसाए रखा। छोटे कद के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार जुझारूपन और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रसिद्ध कृष्णा (47 रन पर 3 विकेट) ने उनके खिलाफ शॉर्ट गेंदों और पैरों को निशाना बनाती गेंदों का इस्तेमाल किया, जबकि मानव सुथार (83 रन पर 3 विकेट), रविंद्र जडेजा (45 रन पर 1 विकेट) और सारांश जैन ने स्पिन के जरिए उन्हें परेशान करने की कोशिश की।

यूएस ओपन

प्रदर्शनी मैच से फेडरर की वापसी

न्यूयॉर्क। अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर अमेरिकी ओपन में प्रदर्शनी मैच के जरिए खेल में वापसी करेंगे लेकिन उनकी पेशेवर टेनिस में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं है। खेल में अपने चरम प्रभुत्व के दौरान लगातार पांच बार अमेरिकी ओपन जीतने वाला यह खिलाड़ी 2019 के बाद पहली बार आर्थर ऐश स्टेडियम में फिर से खेलने के लिए तैयार है। फेडरर ने



2021 में विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में मिली हार के संदर्भ में कहा, 'मैंने शायद विंबलडन में (ह्यूबर्ट) हुरकाज के खिलाफ खेले गए मैच के बाद से कोई एकल मैच नहीं खेला है, इसलिए लगभग पांच साल हो गए हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि कल क्या होगा। इसलिए बहुत अनिश्चितता है, लेकिन इस बात की बहुत खुशी भी है कि मैं आर्थर ऐश में लौट रहा हूं।

सबालेंका और जोकोविच मिक्स्ड डबल्स में हारे



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एरिना सबालेंका और नोवाक जोकोविच को अब अपने-अपने वर्ग में एक और अमेरिकी ओपन एकल खिताब जीतने की उम्मीद करनी होगी क्योंकि मिश्रित युगल के पहले दौर में उन्हें टेनिस के शीर्ष दो युगल खिलाड़ियों से हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका और जोकोविच ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बढ़त कायम नहीं रख सके और कैटरीना सिनियाकोवा तथा हेनरी पैटन की जोड़ी से 1-4, 4-2 (10-2) से हार गए। महिला युगल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सिनियाकोवा ने जोकोविच की सर्विस पर मैच प्वाइंट के दौरान ऐस लगाकर मुकाबला समाप्त किया।

टियाफो ने मिश्रित युगल से नाम लिया वापस

राउटलिफ ने गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिलकर पिछले साल यूएस ओपन महिला युगल खिताब के लिए सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड को हराया था। उन्होंने 2023 में भी चैंपियनशिप जीती थी। सबालेंका और जोकोविच का मुकाबला लेयला फर्नांडीज और फ्रांसेस टियाफो से होना था। लेकिन टियाफो ने रविवार को सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में आर्थर फिल्स से हारने के बाद सोमवार को मिश्रित युगल से नाम वापस ले लिया, जिससे क्वालीफाइंग में हारने वाली टीम को यह जगह मिल गई।

सिनर नहीं ले पाएंगे टूर्नामेंट में हिस्सा

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर चोट के कारण यूएस ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। सिनर अपनी घुटने की इंजरी से अब तक उबर नहीं सके हैं। पिछले महीने विंबलडन में अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद से किसी भी प्रतिस्पर्धी मैच में हिस्सा नहीं लेने वाले इटली के सिनर अभी भी अपने दाहिने घुटने की चोट से उबर रहे हैं। मोंटे कार्लो में प्रैक्टिस कोर्ट पर लौटने के बाद उन्होंने यह फैसला लिया कि उन्हें ठीक होने के लिए और समय चाहिए। यानिक सिनर ने कहा, 'भले ही मैं अपनी टीम और मेडिकल स्टाफ के साथ कड़ी मेहनत कर रहा हूं, लेकिन हमें अब यह मुश्किल फैसला लेना पड़ा है कि मैं इस साल यूएस ओपन में हिस्सा नहीं ले पाऊंगा।

वर्ल्ड रैंकिंग में त्रिसा और गायत्री ने लगाई 12 पायदान की छलांग



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल में हुए बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद भारतीय महिला डबल्स जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने वर्ल्ड रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। भारतीय जोड़ी रैंकिंग ने 12 स्थान ऊपर चढ़ गईं। चोट के कारण ब्रेक के बाद वापसी करते हुए भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 और क्वार्टर फ्राइनल में दो सीडेड जोड़ियों को हराया, लेकिन सेमीफ्राइनल में उन्हें चीन की दुनिया की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग से हार का सामना करना पड़ा। उनके शानदार प्रदर्शन ने इस बड़े टूर्नामेंट में महिला डबल्स मेडल के लिए भारत के 15 साल के इंतजार को खत्म किया और 2011 से हर बार कम से कम एक मेडल जीतने का सिलसिला भी जारी रखा। चोट के कारण ब्रेक के चलते त्रिसा और गायत्री की जोड़ी वर्ल्ड रैंकिंग में 39वें नंबर पर खिसक गई थी, लेकिन ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद 12 पायदान ऊपर चढ़कर 27वें नंबर पर पहुंच गई।

जयसूर्या को आईसीसी ने लगाई फटकार



दुबई। श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या को कोलंबो में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया। आईसीसी ने कहा कि जयसूर्या को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या पोशाक को नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है। आईसीसी ने कहा कि इस खिलाड़ी का पिछले 24 महीने यह पहला अपराध था।

प्रज्ञानानंदा की कीमर पर 19-9 से शानदार जीत



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर 19-9 की शानदार जीत हासिल करके आसानी से ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) के अंतिम चरण के फाइनल में जगह बनाई। प्रज्ञानानंदा का फाइनल में मुकाबला खिताब के प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा।

भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा क्लासिकल गेम जीतने के बाद अंतिम दिन से पहले छह अंकों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी। उन्होंने लगातार दो रैपिड मुकाबलों में कीमर को हराकर 17-3 की अजेय बढ़त हासिल करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर दी। इसके बाद ब्लिट्ज के पहले गेम में एक और जीत ने उनके अंकों की संख्या 19 तक पहुंचा दी। कीमर ने आखिरी तीन ब्लिट्ज गेम जीतकर वापसी की, लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हुआ।

दलीप ट्रॉफी

ढाई दिन में मुकाबला खत्म, ईस्ट जोन ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

- ईस्ट जोन ने नॉर्थ ईस्ट को पारी और 210 रन से हराया
- वैभव ने 4 गेंद में झटके 2 विकेट



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल रॉय ने 5 विकेट चटकाए जबकि वैभव सूर्यवंशी ने 4 बॉल पर 2 विकेट लिए, जिससे ईस्ट जोन ने नार्थ ईस्ट जोन को पारी और 210 रन से करारी शिकस्त देकर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

यह मुकाबला ढाई दिन के भीतर ही समाप्त हो गया। ईस्ट जोन ने पहली पारी में 467 रन बनाए थे, जिसके जवाब में नार्थ ईस्ट जोन की टीम पहली पारी में महज 111 रन पर सिमट गई। टीम इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में भी 146 रन पर आउट हो गई। तीसरे दिन दूसरी पारी में केवल 50 ओवर में ही मुकाबला समाप्त हो गया।

कप्तान ईशान की शानदार विकेटकीपिंग

सात रन पर बिना किसी नुकसान से दिन की शुरुआत करने वाली नार्थ ईस्ट जोन की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। फेइरोइजाम जोतिन सिंह (39) और आकाश चौधरी (27) ने नौवें विकेट के लिए 39 रन जोड़कर टीम को 100 रन से पहले सिमटने से बचाया। तीसरे दिन कप्तान इशान किशन की शानदार विकेटकीपिंग भी आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने पांच खिलाड़ियों को आउट करने में भूमिका निभाई, जिसमें दो स्टंपिंग और तीन कैच शामिल रहे।

वेस्ट जोन के खिलाफ नार्थ जोन ने की वापसी

बेंगलुरु। मुशीर खान और ऋतुराज गायकवाड़ के शानदार अर्धशतकों की बदौलत वेस्ट जोन दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में मजबूत स्थिति में पहुंच गया था लेकिन नार्थ जोन लगातार विकेट चटकाकर तीसरे दिन मुकाबले में वापसी कर ली। जीत के लिए 287 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पश्चिम क्षेत्र की टीम एक समय अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 195 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी। तभी कप्तान गायकवाड़ 70 गेंद पर 66 रन बनाकर रन आउट हो गए। पश्चिम क्षेत्र ने इसके बाद अच्छी बल्लेबाजी कर रहे मुशीर का विकेट भी गंवा दिया, जिन्होंने 126 गेंद पर 96 रन बनाए।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)
शाखा शारदा चौक, रायपुर, (छ.ग.)

छ.ग./मुख्या./रायपुर/ऋण/483 — दिनांक 25/08/2026

आम सूचना

एतद् द्वारा निम्नलिखित कालम 2 एवं 3 में वर्णित ऋणी / संपत्ति के बधनकर्ता जो कि छ0ग0 राज्य सहकारी बैंक मर्या. शारदा चौक, रायपुर से ऋण प्राप्त किये है, को सूचना दी जाती है कि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन वर्णित प्रावधानों व नियमों के अंतर्गत बैंक ने ऋण बकाया राशि की अदायगी/जमा करने हेतु कालम-5 में वर्णित तिथि को मांग की सूचना पत्र प्रेषित कर कालम-6 में वर्णित राशि की मांग की गई थी। जिसमें ऋणी/जमानतदार संपत्ति के बंधनकर्ता के द्वारा ऋण की अदायगी में असफल / चूक होने पर कालम-4 में वर्णित संपत्तियों को कालम-7 में लिखित तिथि को बैंक ने अपने कब्जे (Possession) में ले लिया है, बैंक नीचे दर्शित ऋणी एवं संपत्ति के बंधनकर्ता को ऋण के अदायगी (Repayment) हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान करती है कि वे ऋण की शेष / बकाया राशि को इस प्रकाशन की तिथि से लेकर 30 दिन के भीतर अवश्य ही जमा कर देवें। इसके पश्चात भी ऋण की अदायगी नहीं होने पर बैंक आगे चलकर कालम-4 वर्णित संपत्ति के बिक्री की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी। अतः इस सूचना से अवगत होवें।

अतः विशेषकर ऋणी /ऋणियों एवं जमानतदार/जमानतदारों एवं सामान्य में आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध लिखी गई संपत्ति /संपत्तियों बैंक के अधीन (Charge) में है। जिसके ऊपर कोई भी लेन-देन के संव्यवहार न करें। बैंक के जानकारी के बगैर लेन-देन करने के लिये बैंक उत्तरदायी नहीं होगा तथा वह अवैध व शून्य मान्य होगी।

अतः बैंक द्वारा प्रदत्त इस अंतिम अवसर का लाभ ऋणी/संपत्ति बंधनकर्ता अवश्य ही लेवें एवं अप्रिय स्थिति निर्मित होने से बचें।

क्र.	ऋणी का नाम एवं पता	अचल संपत्ति के बंधनकर्ता का नाम एवं पता	अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण	सिक्यूरटाईजेशन एक्ट की धारा 13(2) के अंतर्गत ऋण की बकाया राशि का मांग करने की तिथि	ऋण की बकाया राशि	बैंक द्वारा अपने कब्जे में लेने की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	श्री आशीष वृंदावन विशाल पिता श्री वृंदावन विशाल रावतपुरा फेस-2, लंदन ड्रीम्स स्कूल के पास,प्रिया किराना स्टोर्स के आगे, मठ पुरै ना, रायपुर (छ.ग.)	श्री आशीष वृंदावन विशाल पिता श्री वृंदावन विशाल रावतपुरा फेस-2,लंदन ड्रीम्स स्कूल के पास,प्रिया किराना स्टोर्स के आगे,मठपुरैना रायपुर (छ.ग.)	ऑनलाईन खसरा नं. 325/863, प.ह.नं.105/61 रकबा700 वर्गफूट, चंदशेखर आजाद वार्ड क्रं.52,रावतपुरा फेस-2 वाके मौजामठपुरैना, रा.नि.मं.रायपुर-01, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)	30.04.2026	02.04.2026 पर ब्याज सहित कुल देय राशि 15,49,937/- एवं भविष्य में लगने वाला ब्याज एवं अन्य व्यय	20.08.2026

स्थानः-रायपुर
दिनांकः- 25.08.2026

प्राधिकृत अधिकारी
छ. ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या
अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.

केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

फूल चौक शाखा, रायपुर (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
मेसर्स शिवरुद्राष्टक एंड एसोसिएट्स, प्रोप. आलोक कुमार सिंह, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, कचना रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, रायपुर, रायपुर-492001 **श्री आलोक कुमार सिंह पिता विनोद सिंह परिहार**, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, कचना रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, रायपुर, रायपुर -492001 **श्री विनोद कुमार सिंह पिता विक्रम सिंह**, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, रायपुर, रायपुर 492001.	**शीर्षक धारक का नाम- श्री विनोद कुमार सिंह पिता विक्रम सिंह**, मकान/भूखंड नं. एम.आई.जी. Sr. II/44, पी.सी. नं. 113, अवंति विहार कॉलोनी, तेलीबांधा रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल - 177 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भूमि व भवन के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** एम.आई.जी. Sr. II/45, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** एम.आई.जी. Sr. II/47, **पश्चिम-** सड़क. **CERSAI ID: 400014412491 (SID)**	MSME - OD/OCC ₹ 74,00,000.00 GECL ₹ 15,00,000.00 ₹ 89,00,000.00 23/08/2026 पर कुल देय धनराशि ₹ 79,26,469.00 एनपीए तिथि 20/08/2026

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, फूल चौक शाखा, रायपुर (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफैसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 26.08.2026 — स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

टाटीबंध शाखा, रायपुर (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
श्री शिवा सिंह ठाकुर पिता दीपक सिंह ठाकुर (ऋणी एवं बंधककर्ता), म. नं. 47, वासी विला, वार्ड नं. 62, टिकरापारा, नूतन स्कूल के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001	**शीर्षक धारक का नाम- श्री शिवा सिंह ठाकुर पिता दीपक सिंह ठाकुर**, खसरा नं. 325/1022, प.ह.नं. 61, मौजा-मठपुरैना (रावतपुरा फेज-2) वार्ड नं. 52, चंद्रशेखर आजाद वार्ड परिसीमन के बाद वार्ड नं.-61, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, रा.नि.मं.- रायपुर-14- बोरियाखुर्द, तहसील व जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़ । मकान म्यु. नं. -RPR663T00151, क्षेत्रफल- 640 वर्ग फुट में स्थित कन्वर्टेड भूमि पर बने मकान के समस्त भाग तथा अंश का सामियक बंधक । **चौहद्दीः उत्तर-** वृंदा बाई नायक की भूमि, **दक्षिण-** विक्रेता का मकान, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** मोहरमती पटेल की भूमि । **CERSAI ID: 400078118094 (SID)**	HOUSING LOAN ₹ 23,00,000.00/- HOME LOAN SECURE ₹ 57,845.00.00/- ₹ 23,57,845.00 23/08/2026 पर कुल देय धनराशि ₹ 23,69,678.36 एनपीए तिथि 20/08/2026

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, टाटीबंध शाखा, रायपुर (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफैसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 26.08.2026 — स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

धमतरी घड़ी चौक शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
श्री यशवंत कुमार शांडिल्य पिता श्री राम कुमार शांडिल्य (ऋणी एवं बंधककर्ता), 722, गांधी चौक, 18 लोहारसी, धमतरी, छत्तीसगढ़-493773	**शीर्षक धारक का नाम- श्री यशवंत कुमार शांडिल्य पिता श्री राम कुमार शांडिल्य**, खसरा नं.- 410/2 का भाग, प.ह. नं.-29, भूतल, गुलमोहर हाइट्स, मंडी नाका, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेश्वर, धमतरी हटकेश्वर, तहसील व जिला- धमतरी । क्षेत्रफल- 18 वर्ग मीटर (193.68 वर्ग फुट) में स्थित लीजहोल्ड दुकान नं.-13 के समस्त भाग तथा अंश का सामियक बंधक । **चौहद्दीः उत्तर-** खुली जगह, **दक्षिण-** कॉरिडोर, **पूर्व-** दुकान नं.-12, **पश्चिम-** दुकान नं.-14. **CERSAI ID: 400072106134 (SID)**	MSME OD/OCC/ ₹ 2,85,000.00 TERM LOAN ₹ 7,60,000.00 ₹ 10,45,000.00 23/08/2026 पर कुल देय धनराशि ₹ 7,13,668.69 एनपीए तिथि 19/08/2026

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, धमतरी घड़ी चौक शाखा (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफैसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 26.08.2026 — स्थानः धमतरी (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक



मां सीता- प्रभु राम के विवाह में पहली बार बजा था बिहार का यह 'पंचबजना'



मधुबनी। बिहार का प्राचीन लोक वाद्ययंत्र समूह (बैंड) 'रसनचौकी', जिसे स्थानीय भाषा में 'पंचबजना' भी कहा जाता है। मिथिला और मगध क्षेत्र की एक अनूठी सांस्कृतिक धरोहर है। इसमें पांच अलग-अलग पारंपरिक वाद्ययंत्रों को एक साथ एक ही सुर-ताल में बजाया जाता है। यह संगीत समूह शुभ और मांगलिक अवसरों की शुरुआत से लेकर अंतिम संस्कार जैसे मौकों तक बजाया जाता है।

माता सीता के विवाह से जुड़ा पौराणिक संबंध

रसनचौकी की उत्पत्ति पड़ोसी देश नेपाल से मानी जाती है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ वाद्ययंत्र कलाकार महेंद्र राम (भटसिमरी) के अनुसार, इस वाद्ययंत्र समूह 'पंचबजना' को पहली बार माता सीता और भगवान श्री राम के विवाह उत्सव में बजाया गया था। तब से यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी सीखकर और सिखाकर आज तक जीवित रखी गई है।

किन पांच वाद्ययंत्रों से मिलकर बनता है रसनचौकी?

रसनचौकी में पांच प्रमुख वाद्ययंत्र शामिल होते हैं। जिन्हें कलाकार एक साथ लयबद्ध तरीके से बजाते हैं। ढोल थाप पर आधारित मुख्य ताल वाद्य. तबली लय बनाए रखने के लिए इस्तेमाल होने वाला छोटा ढोल जैसा यंत्र. खुरदक थाप देने वाला एक अन्य पारंपरिक ताल वाद्य. कारा/झाल धातु की थाप से गूंज और ताल उत्पन्न करने वाला यंत्र।

विलुप्त होने की कगार पर प्राचीन कला : आधुनिक वाद्ययंत्रों और डीजे के बढ़ते दौर में यह पारंपरिक लोक कला धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई है। हालांकि, हाल ही में केंद्र सरकार और राष्ट्रपति द्वारा ऐसे प्राचीन वाद्ययंत्रों के कलाकारों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कर इस विलुप्त होती धरोहर को सहेजने और पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है।

जीवन चक्र का संगीतः मुंडन से लेकर अंतिम यात्रा तक

रसनचौकी का उपयोग मुंडन, जनेऊ, विवाह और अन्य सांस्कृतिक उत्सवों में स्वागत तथा आह्वान संगीत के रूप में किया जाता है। इसके साथ ही समाज में किसी महान या सम्मानित व्यक्ति के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए भी इसकी विशेष धुनें बजाई जाती हैं। आसान शब्दों में कहें तो यह वाद्ययंत्र शिशु के जन्म के उल्लास से लेकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक की संवेदनाओं को व्यक्त करता है।

सेहत

नई स्टडी से चौंके डॉक्टर

ना बीपी, ना डायबिटीज... फिर भी 40 से पहले बेहाल हो रहीं धड़कनें

उम्र बढ़ने के साथ-साथ ही अंगों का ढीला पड़ना और उनके कामकाज में दिक्कत आने लगना सामान्य बात है। इनमें दिल की धड़कन बढ़ना भी शामिल है। माना जाता है कि 40 साल की उम्र के बाद इंसान का शरीर ढलान की ओर जाने लगता है, जिससे उसके दिल की धड़कनें बढ़ने लग जाती हैं।

न्यूयार्क। ऐसे में एक सवाल उठता है कि कुछ लोगों में उम्र से 40 साल पहले ही दिल की धड़कन क्यों बिगड़ने लगती है? इसके पीछे क्या वजहें हो सकती हैं। क्या यह जेनेटिक होती है या किसी अन्य वजहों से ऐसा होता है।

साइंस टेक डेली डॉट कॉम में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, 40 साल की उम्र से पहले ही हार्टबीट तेज या अनियमित हो जाना सामान्य घटना नहीं होती। असल में यह एट्रियल फिब्रिलेशन दिल से जुड़ी एक बीमारी है। यह बीमारी तब शुरू होती है, जब दिल के ऊपरी हिस्से (एट्रिया) में गड़बड़ इलेक्ट्रिकल सिग्नल बनने लगते हैं। इसकी वजह से निचले हिस्से के तालमेल के बिना दिल बहुत तेज़ी और बेतरतीब ढंग से धड़कने लगता है। ऐसा होने पर दिल के अंदर खून जमा होने लगता है, जिससे खून के थक्के बन सकते हैं। इसके चलते ब्रेन स्ट्रोक, पैरालिसिस या मौत भी हो सकती है।

जेनेटिक बदलाव से बढ़ जाती है समस्या

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि एक दुर्लभ जेनेटिक बदलाव के साथ-साथ अगर शरीर में आम डीएनए बदलावों का बोझ ज़्यादा हो, तो कम उम्र में ही एएफआईबी होने का ख़तरा दोगुना हो जाता है। इस रिसर्च में कई और चौंकाने वाले राज सामने आए, जिसका डॉक्टर दरबार ने खुलकर खुलासा किया।





अमेरिका में 1 करोड़ से ज्यादा लोग झेल रहे बीमारी

हालिया आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में ही कम से कम 1 करोड़ से ज़्यादा वयस्क इस बीमारी से जूझ रहे हैं। इस बीमारी को आम तौर पर बढ़ती उम्र, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और दिल की पुरानी बीमारियों से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन कई बार यह बीमारी जीन्स के कारण 30 या 40 साल की उम्र में ही हमला कर देती है। पेन स्टेट कॉलेज ऑफ मेडिसिन में विभागाध्यक्ष डॉ. दाऊद दरबार कहते हैं कि बहुत से लोगों को एएफआईबी का पहला लक्षण तब पता चलता है, जब उन्हें सीधा स्ट्रोक पड़ता है। अगर हम एक भी इंसान को स्ट्रोक से बचा सकें, तो उस मरीज़ और उसके परिवार के लिए यह बहुत बड़ी राहत होगी।

जब जेनेटिक ख़तरे मिलकर बिगाड़ रहे दिल का तालमेल

डॉ. दरबार की अगुवाई में इस बीमारी पर एक रिसर्च हुई है। इस रिसर्च में यह जानने की कोशिश की गई कि जेनेटिक म्यूटेशन (डीएनए में बदलाव) का असर हर इंसान पर एक जैसा क्यों नहीं होता? रिसर्च में एलएमएनए नाम के एक जीन का अध्ययन किया गया। यह जीन कोशिकाओं के अंदर डीएनए को सही तरीके से व्यवस्थित रखता है। जब इस जीन में ख़राबी आती है, तो दिल की धड़कन को नियंत्रित करने वाले जीन्स सही से काम नहीं कर पाते। जब इस दुर्लभ ख़राबी के साथ शरीर के अन्य सामान्य जेनेटिक ख़तरे भी जुड़ जाते हैं। ऐसे में इंसान जवानी में ही इस बीमारी की चपेट में आ जाता है।

ये है अंडों का शहर! हर दिन पैदा होते हैं 6 करोड़ अंडे

चेन्नई। भारत में एक ऐसा शहर है जिसे अंडों का शहर या एग सिटी कहा जाता है। तमिलनाडु का नमक्कल जिला आज देश का सबसे बड़ा अंडा उत्पादन केंद्र बन चुका है। यहां हर दिन करीब 6 से 7 करोड़ अंडे पैदा होते हैं। ये आंकड़ा न्यूजीलैंड की पूरी आबादी से कई गुना ज्यादा है। हैरानी की बात ये है कि इस शहर का मौसम खेती के लिए खास अनुकूल नहीं था। ऐसे में कुछ उद्यमियों ने छोटी शुरुआत की और आज ये विशाल उद्योग खड़ा हो गया है।

1960 के दशक के अंत में नमक्कल में ट्रांसपोर्ट बिजनेस से जुड़े कुछ लोगों ने पोल्ट्री फार्मिंग शुरू की थी। शुरुआत झोपड़ीनुमा शेड्स और सीमित मुर्गियों से हुई थी। कुछ रिपोर्ट्स में इसे मात्र सौ मुर्गियों जैसी छोटी स्केल से जोड़कर देखा जाता है। धीरे-धीरे और लोग इसमें शामिल होते गए। 1990 तक हजारों छोटे फार्म हो गए। बाद में आधुनिकीकरण हुआ तो फार्म कम हो गए लेकिन उत्पादन कई गुना बढ़ गया। आज करीब 1100 बड़े और मध्यम फार्म हैं जहां करोड़ों लेयर मुर्गियां अंडे देती हैं।





HDFC BANK SBI | स्कूटर चलाते वक्त हमेशा हेल्मेट पहनें. tvsjupiter | www.tvsmotor.com/tvs-jupiter | Call: 1800 315 7777

^ Limited period offer. # T&C apply. Finance will be at the sole discretion of the financier. ## 5% Instant cashback of up to ₹ 7 500 on HDFC & SBI credit card EMI transactions. Scheme valid till 31st August, 2026. + 5 year warranty included. Additional 5 year warranty can be purchased at ₹ 999. ** Ex-showroom price of TVS Jupiter 110 BS VI Drum variant in Chhattisgarh. * Under TVSM internal test conditions.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत डीलर – भटगांव : रायपुर टीवीएस, मो. 7909500091, फाफाडीह : सांई मोटर्स, मो. 6262626003, आरंग : सांई मोटर्स, मो. 6262626001, लालपुर : सांई मोटर्स, मो. 6262626006, तेलीबांधा : हीरा टीवीएस, मो. 7880134300, पंडरी : अवनि टीवीएस, मो. 8305165176, जी.ई. रोड: भारत टीवीएस, मो. 9111499111, भिलाई सुपेला: ईशान ऑटोवर्ल्डप्रा. लिमिटेड, मो. 8871212121, रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेटलिमिटेड, मो. 9171759000, भिलाई 3 : रालस ऑटोकॉर्प प्राइवेटलिमिटेड, मो. 9171759000, दुर्ग : एस.एस.डी. मोटर्स प्राइवेटलिमिटेड, मो. 7693062762, जगदलपुर : स्पाक ऑटो स्टोर एलएलपी, मो. 7509199999, धमतरी : स्कूटर हाउस, मो. 9827196521, कवर्धा : श्री गुरुनानक ऑटोमोबाइल एलएलपी, मो. 9993309707, राजनंदगांव : एल.सी.के. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, मो. 9993876300, 8770681011, इंड्यिन टीवीएस, मो. 9826166566, 9826366566, कोंडागांव : शाई सेल्स एलएलपी, मो. 9692465300, 9779595705, बागबाहरा : कनिज ऑटोमोबाइल्स एलएलपी, मो. 9355530533, दल्लीराजहरा : गुरुदेव ऑटोमोबाइल्स, मो. 9981931573, कांकेर : आयशा मोटर्स, मो.. 8448493681. अधिकृत डीलर – पखांजोर : बंगाल साइकिल एवं ऑटो पार्ट्स, मो. 9479220572, नगरी : दिकेश ऑटो, मो. 9981761572, चारामा : एन सांई टीवीएस ऑटोमोबाइल्स, मो. 9039179813, कुरुद : भिलाई ऑटो, मो. 8982652500, भखारा : समृद्धि मोटर्स, मो. 9202336345, मैनपुर : अनम ऑटो, मो. 7000618960, भानुप्रतापुर : सुभाष मोटर्स, मो. 9755249656, बांदे : रामकृष्ण ऑटो, मो. 6267093399, नारायणपुर : खुशी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9406107712, नागरनार : श्री ऑटोमोबाइल्स, मो. 7008549433, गरियाबंद : दिकेश मोटर, मो. 8720000334, अभनपुर : श्री ओम ऑटो, मो. 9893369485, छुरा : पटेल ऑटोमोबाइल्स, मो. 8889994949, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 9819380069, बिरगांव रायपुर : ओम श्री मोटर्स, मो. 9039358352, दौदेखुर्द : आर.एम. मोटर्स, मो. 9826133734, धामधा : श्री हरि मोटर्स, मो. 9302290263, भिंभौरी : भवानी मोटर्स, मो. 9926150675, राजिम : अरिहंत ऑटोमोबाइल्स, मो. 9826113240, नवापाराजिम : श्री कुशल ऑटो, मो. 8109788711, खरोरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9827197564, नेओरा : प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9300414173, उतई : वी.के. मोटर्स, मो. 8959187052, पाटन : देव ऑटो, मो. 9981086462, अमलेश्वर : शिवाय ऑटोमोबाइल्स, मो. 9111070701, डोंगरगढ़: रेयांश ऑटो, मो. 7415344077, 9753211132, खैरागढ़: आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, पांडातराई : सांई मोटर्स, मो. 8305728281, पंडरिया : ज्योति एजेंसी, मो. 9893592635, डोंगरगांव : भारत ऑटो, मो. 9827196076, अम्बागढ़चौकी : भारत ऑटो, मो. 9827196076, मोहला : शुभम मोटर्स, मो. 9399757956, मुरमुंडा : हीरा इंटरप्राइजेज, मो. 8085039059, पोटिया चौक : माय ऑटोमोबाइल्स, मो. 8839205689, माना बस्ती : एन.एस.एम. मोटर्स, मो. 9826150446, सेजबहार : यशश्री मोटर्स, मो. 8390096555, शामपुर : डी.आर. सेल्स एण्ड सर्विस, मो. 9424146682, जुनवानी : जे.डी. मोटर्स, मो. 8959187052, गंडई : सानिया मोटर्स, मो. 9575726332, गुंडरदेही : शिवांश ऑटोमोबाइल्स, मो. 9340940548, बनियागांव : श्री वेंकटेश्वर, मो. 8871572202, सारागांव : श्री गणपति ऑटोज़, मो. 9981855981, फरसगांव : श्री नारायण सेल्स, एम. 9685968593, जामुल : एम.एस. ऑटोमोबाइल्स, मो. 9244008181, लाखोली : श्री श्रीवास मोटर्स, मो. 6266166230, सिलयारी : गौरव ऑटोमोबाइल, मो. 7566593315, छुईखदान : आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, देवभोग : खेतेश्वर मोटर्स, मो. 7000186541, सुकमा : पी.आर. ऑटोमोबाइल, मो. 7824006017, बचेली : वोलेंट टीवीएस, मो. 8253001320, गीदम : जगदंबा टीवीएस, मो. 9893801015, गोहरापदर : गणेश ऑटो केयर, मो. 8319380089, बीजापुर : धनलक्ष्मी ऑटोमोबाइल, मो. 9479012090, सालेहवारा : विदर्भ मोटर्स, मो. 7587490364, केशकल : हर्ष ऑटोमोबाइल्स, मो. 9685512528.

dentsu/hrb ral/03/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com